जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 114, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश


www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 20 मई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# ज्ञानवापी: हिंदू पक्ष को 'बाबा' मिले, सर्वे में सबूत

### वाराणसी कोर्ट में सर्वे रिपोर्ट दाखिल: ज्ञानवापी में बाबा, त्रिशुल, डमरू, कमल जैसे चिन्ह, शिवलिंग की जगह पर दर्शन-पूजन समेत अन्य मामलों में अब 23 को सुनवाई






**वाराणसी:** वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद की 14 से 16 मई के बीच हुए सर्वे की रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल होने के साथ ही लीक भी हो गई है। मुस्लिम पक्ष कुंड के बीच मिली जिस काले रंग की पत्थरनुमा आकृति को फव्वारा बता रहा था, उसमें कोई छेद नहीं मिला है। न ही उसमें कोई पाइप घुसाने की जगह है। 2.5 फीट ऊंची गोलाकार शिवलिंग जैसी आकृति के ऊपर अलग से सफेद पत्थर लगा है। उस पर कटा हुआ निशान था। उसमें सींक डालने पर 63 सेंटीमीटर गहराई पाई गई। पत्थर की गोलाकार आकृति के बेस का व्यास 4 फीट पाया गया। हिंदू पक्षकार ने मुंशी एजाज से फव्वारा चालू करके दिखाने को कहा। लेकिन मुंशी एजाज ने फव्वारा चलाने में असमर्थता जताई। कथित फव्वारे पर मस्जिद कमेटी ने गोल मोल जवाब दिया। कभी उसे 20 साल तो कभी 12 साल से बंद बताया गया। वहीं, मस्जिद में मुख्य गुंबद के नीचे दक्षिणी खंभे पर स्वास्तिक का चिह्न मिला। मस्जिद के प्रथम गेट के पास तीन डमरू के चिह्न मिले। उत्तर-पश्चिम दिशा में 15 बाई 15 फीट का एक तहखाना दिखा, जिसके ऊपर मलबा पड़ा था, वहां पड़े पत्थरों पर मंदिर जैसी कलाकृतियां दिखीं।

**सर्वे रिपोर्ट के साथ नक्शानजरी और कार्रवाई का विवरण भी पेश:** इससे पहले विशेष अधिवक्ता आयुक्त विशाल सिंह और सहायक अधिवक्ता आयुक्त अजय प्रताप सिंह ने भी अपनी सर्वे रिपोर्ट कोर्ट में पेश की। सहायक अधिवक्ता आयुक्त अजय प्रताप सिंह ने कहा कि सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने से पहले दोनों पक्ष के लोग कोर्ट में मौजूद रहे। सर्वे रिपोर्ट 15 पेज की है। साथ में नक्शानजरी और कार्रवाई का विवरण भी दाखिल किया गया। ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में हुए सर्वे की पहली रिपोर्ट तत्कालीन अधिवक्ता आयुक्त अजय कुमार मिश्र ने सौंपी थी।

## डीजीसी सिविल की रिपोर्ट

**डीजीसी सिविल की रिपोर्ट:** डीजीसी सिविल महेंद्र प्रसाद पांडेय ने अदालत में अर्जी देकर कहा कि ज्ञानवापी परिसर स्थित जिस तीन फीट गहरे मानव निर्मित तालाब को सील किया गया है। उसके चारों तरफ पाइपलाइन और नल हैं। उस नल का उपयोग नमाजी लोग वजू के लिए करते हैं। तालाब परिसर सील होने के कारण नमाजियों के वजू के लिए बाहर व्यवस्था की जाए। सील हुए क्षेत्र में शौचालय भी है। सील होने के बाद नमाजियों को वहां नहीं जाने दिया जा रहा है। ऐसे में उनकी व्यवस्था की जाए। साथ ही तालाब में कुछ मछलियां भी हैं। उन मछलियों को अब कहीं और पानी में छोड़ा जाए। वादी पक्ष की रेखा पाठक, मंजू व्यास, सीता साहू की ओर से मंगलवार को स्थानीय न्यायालय में आवेदन दिया गया था कि शिवलिंग की जगह पर दर्शन-पूजन के साथ ही वजू स्थल पर मिले शिवलिंग के नीचे और नंदी महराज के सामने तहखाने के उत्तरी और पूरब की चुनी हुई दीवारों को तोड़कर सर्वे करवाया जाए।

परिसर में कई स्थानों पर रखे बांस, बल्ली, ईंट व बालू का मलबा हटवाकर भी सर्वे करवाने की मांग की गई। इस पर न्यायालय ने अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी सहित अन्य प्रतिवादियों से आपत्ति मांगी थी। जो कोर्ट में आज पेश कर दी गई। अब माना जा रहा है ।



## सर्वे रिपोर्ट की बड़ी बातें

- मस्जिद के भीतर हाथी के सूंड़, त्रिशूल, पान, घंटियां दिखीं। मुख्य गुंबद के नीचे दक्षिणी खंभे पर स्वास्तिक का चिह्न मिला।
- मस्जिद के प्रथम गेट के पास तीन डमरू के चिह्न मिले। उत्तर-पश्चिम दिशा में 15*15 फीट का एक तहखाना दिखा, जिसके ऊपर मलबा पड़ा था, वहां पड़े पत्थरों पर मंदिर जैसी कलाकृतियां।
- 3 फीट गहरा कुंड मिला। कुंड के चौतरफा 30 टोटियां लगी थीं। कुंड के बीच में लगभग 6 फीट गहरा कुआं दिखा। कुआं के बीचो-बीच गोल पत्थरनुमा आकृति दिखी।

बाहर विराजमान नंदी और अंदर मिले कुंड (जिसके बीचो-बीच एक पक्ष द्वारा शिवलिंग स्थापित बताया गया) के बीच की दूरी 83 फीट 3 इंच है।

- कुंड के बीचो-बीच स्थित पत्थर की गोलाकार आकृति (जिसे एक पक्ष द्वारा शिवलिंग कहा गया है) में सींक डालने पर 63 सेमी गहराई मिली। पत्थर की गोलाकार आकृति के बेस का व्यास 4 फीट था।
- खंभे में हिंदी भाषा में 7 लाइनों में खुदा हुआ है। चार दरवाजे के स्थान को नई ईंटों से बंद किया गया है। बेसमेंट की दीवार पर सनातन संस्कृति के चिह्न हैं।

अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी द्वारा बताया गया था कि परिसर में कोयले की दुकान भी चलती थी, लेकिन कहीं उसका प्रमाण नहीं मिला।

- चौथे तहखाने की चाबी न मिलने पर कटर मंगवा कर उसका ताला काटा गया था। उसके आगे जाने पर मलबे से भरा छोटा तहखाना मिला, जहां जा पाना संभव नहीं था।
- सर्वे के तीनों दिन के दौरान मां श्रृंगार गौरी प्रकरण के वादी पक्ष ने जो भी दावा किया, अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के पक्ष ने उसे उतने ही पुरजोर तरीके से खारिज किया।

## गृह मंत्री शाह से मिले सीएम मान

### किसान, राष्ट्रीय सुरक्षा व बीबीएमबी के मुद्दे पर चर्चा, पंजाब में 2000 अर्धसैनिक बल के जवान होंगे तैनात

**नई दिल्ली: पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आगामी जून** माह के पहले सप्ताह में आपरेशन ब्लू स्टार की बरसी के मद्देनजर राज्य में अर्द्धसैनिक बलों की 10 अतिरिक्त कंपनियों की तैनाती की मांग की है। मान ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात में यह मांग की जिसे स्वीकार कर लिया गया है। गुरुवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद मान ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर पर चर्चा की। पंजाब के लिए अर्द्धसैनिक बलों की 10 और अतिरिक्त कंपनियों की मांग की जिसे केंद्रीय गृहमंत्री ने स्वीकार कर लिया है। मान ने बताया कि गृहमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया है कि आंतरिक सुरक्षा के लिए पंजाब को जो भी मदद चाहिए केंद्र सरकार देगी। पंजाब के मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि कानून व्यवस्था को लेकर पटियाला में जो घटना हुई उस पर विस्तार से चर्चा की गई। राजनीतिक दल से ऊपर उठकर राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में सहयोग किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि शाह के साथ बैठक में किसानों की गेहूं की पैदावार कम होने के कारण 500 रुपए बोनस देने का मसला भी उठाया गया। दरअसल, पंजाब के विभिन्न किसान संगठनों से संबंधित किसान गेहूं की पैदावार कम होने पर 500 रुपये प्रति क्विंटल बोनस और 10 जून से पूरे पंजाब में धान की बुआई शुरू करने सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं।



## टेरर फंडिंग केस में यासीन मलिक दोषी करार

**नई दिल्ली: जम्मू-कश्मीर** के अलगाववादी नेता यासीन मलिक को टेरर फंडिंग केस में एनआईए की कोर्ट ने दोषी करार दिया है। मलिक को कितनी सजा मिलेगी इस पर अदालत में 25 मई से बहस शुरू होगी। कोर्ट ने एनआईए को मलिक की आर्थिक स्थिति पर रिपोर्ट सौंपने का भी आदेश दिया है। इसी महीने की शुरूआत में मलिक ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को कबूला था। इसमें यूएपीए सहित उस पर लगे सभी आरोप मान लिए। इसमें आतंकी गतिविधियों में शामिल होना, कश्मीर में शांति भंग करने, गैरकानूनी गतिविधियों, आपराधिक साजिशें रचना शामिल है।



**मलिक ने आरोपों को चुनौती देने से किया इनकार:** मलिक ने कोर्ट में कहा कि वह यूएपीए की धारा 16 (आतंकवादी गतिविधि), 17 (आतंकवादी गतिवधि के लिए धन जुटाने), 18 (आतंकवादी कृत्य की साजिश रचने), व 20 (आतंकवादी समूह या संगठन का सदस्य होने) और भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) व 124-ए (देशद्रोह) के तहत खुद पर लगे आरोपों को चुनौती नहीं देना चाहता।

## 24 मई को क्वाड समिट में शामिल होंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 मई को टोक्यो में क्वाड समिट में शामिल होंगे। यह क्वाड लीडर्स के बीच चौथा पारस्परिक संवाद होगा। ये हिन्द प्रशांत क्षेत्र और परस्पर हित के दूसरे विश्व मुद्दों पर विचार साझा करने का अच्छा अवसर होगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, यात्रा के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी जापानी बिजनेस लीडर्स के साथ एक बिजनेस इवेंट में हिस्सा लेंगे। वह जापान में भारतीय समुदाय को भी संबोधित करेंगे और उनके साथ बातचीत करेंगे।

## विवि को हिंसा और वैचारिक लड़ाई का अखाड़ा नहीं बनाना चाहिए: अमित शाह

**नई दिल्ली: केंद्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि विश्वविद्यालय (विवि) को हिंसा और वैचारिक लड़ाई का अखाड़ा नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने छात्रों को विश्वविद्यालयों में विमर्श और चर्चा पर जोर देने की सलाह देते हुए कहा कि विश्विद्यालय तो विचार-विमर्श की जगह है। केंद्रीय मंत्री शाह यहां स्वराज से नव-भारत तक भारत के विचारों का पुनरावलोकन विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। 2014 से पहले देश में कोई स्पष्ट रक्षा नीति नहीं होने का दावा करते हुए शाह ने कहा कि सर्जिकल और एयर स्ट्राइक ने भारत की स्थिति को मजबूत किया। सेना और सीमा से छेड़खानी करने वालों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि जहां पहले केवल अमेरिका और इजरायल को अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए जाना जाता था आज भारत तीसरा देश बन गया जो अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति आज देश में लागू हो गई है ।

## सुनील जाखड़ ने दिल्ली में थामा भाजपा का दामन

### दिल्ली में नड्डा ने दिलाई सदस्यता, मोदी की तारीफ कर जाखड़ बोले- सिद्धांतों से हट गई है कांग्रेस

**नई दिल्ली/चंडीगढ़:** पंजाब के दिग्गज नेताओं में शामिल सुनील जाखड़ भाजपा में शामिल हो गए हैं। उन्होंने दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। इस दौरान नड्डा ने कहा कि मैं सुनील जाखड़ का भारतीय जनता पार्टी में स्वागत करता हूं। वह एक अनुभवी राजनीतिक नेता हैं जिन्होंने अपने राजनीतिक जीवन के दौरान अपने लिए एक नाम बनाया। मुझे विश्वास है कि वह पंजाब में पार्टी को मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभाएंगे। जाखड़ ने कुछ दिन पहले ही सोशल मीडिया पर लाइव होकर कांग्रेस को अलविदा कह दिया था।



**पंजाब के दिग्गज हिंदू नेता हैं जाखड़:** पंजाब के दिग्गज हिंदू नेताओं में शामिल सुनील जाखड़ पूर्व लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ के बेटे हैं। 1954 में जाखड़ परिवार में जन्म लेने वाले सुनील जाखड़ ने 2002 से 2017 तक अबोहर निर्वाचन क्षेत्र से लगातार विधायक का चुनाव जीता। 2017 में अबोहर से विधानसभा चुनाव में उन्हें भाजपा प्रत्याशी से हार मिली थी।

इसके बाद सांसद विनोद खन्ना के निधन के बाद 2017 में उन्होंने गुरदासपुर लोकसभा सीट से उपचुनाव लड़ा। 2017 में जाखड़ को पंजाब कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। 2019 में गुरदासपुर सीट से उन्होंने फिर लोकसभा का चुनाव लड़ा, लेकिन वे हार गए।

## रोडवेज मामला: सिद्धू को एक साल की सजा



**चंडीगढ़: पंजाब** कांग्रेस के नेता नवजोत सिंह सिद्धू को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। 34 साल पुराने रोड रेज मामले में सिद्धू को एक साल जेल की सजा दी गई है। कारावास सश्रम होगा। सिद्धू को पंजाब पुलिस हिरासत में लेगी। इससे पहले सिद्धू ने सुप्रीम कोर्ट से अपने खिलाफ रोडरेज मामले में दायर पुनर्विचार याचिका खारिज करने का अनुरोध किया था। सिद्धू ने पुनर्विचार याचिका के जवाब में कहा कि यह घटना 33 साल पहले की है और याचिका विचारणीय नहीं है। सिद्धू ने अपनी स्वच्छ प्रतिष्ठा का हवाला देते हुए सुप्रीम कोर्ट से मामले में उनकी सजा में बदलाव नहीं करने का आग्रह भी किया था। वहीं सिद्धू ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें फैसला मंजूर है।

**पहले मिली थी मात्र एक हजार के जुर्माने की सजा:** इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में सिद्धू को मात्र एक हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई थी।

## लखनऊ का नया नाम होगा लक्ष्मणपुरी !

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में शहरों और सड़कों के नाम बदलने का जो सिलसिला पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के समय पर शुरू हुआ था, वह बाद में अखिलेश यादव और अब सीएम योगी आदित्यनाथ के समय में भी जारी है। फिर चाहे वह इलाहाबाद का नाम बदलकर प्रयागराज करना हो या फैजाबाद जिले का नाम अयोध्या करना। योगी को नाम बदलने के अपने इस फॉर्मूले का काफी फायदा मिला है और उनके प्रस्तावों को केंद्र और जनता की तरफ से काफी स्वीकार्यता भी मिली है। हालांकि, अब जिस शहर के नाम बदलने की चर्चा सबसे ज्यादा है, उनमें उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ सबसे ऊपर है।

**कैसे छिड़ी लखनऊ का नाम बदलने की चर्चा ?:** इसी हफ्ते सोमवार को यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के एक ट्वीट ने लखनऊ के नाम बदलने की चर्चा को जोर दिया। दरअसल, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लखनऊ आने पर ट्वीट किया था- "शेषावतार भगवान श्री लक्ष्मण जी की पावन नगरी लखनऊ में आपका हार्दिक स्वागत व अभिनंदन..." इस ट्वीट में उन्होंने पीएम मोदी के साथ अपनी और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की एक फोटो भी पोस्ट की थी।

योगी के इस ट्वीट के बाद चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया कि सीएम ने लखनऊ को लक्ष्मणनगरी बुलाया है और इसलिए शहर का नाम कभी भी बदला जा सकता है। योगी के ट्वीट के बाद ट्विटर पर हैशटैग लक्ष्मणपुरी जबरदस्त रूप से ट्रेंड भी हुआ। ऐसे में लगभग सभी लोगों के मन में यही सवाल है कि आखिर भगवान लक्ष्मण का लखनऊ से क्या कनेक्शन रहा है और इसका नाम बदलने के पीछे के तर्क क्या हैं?




## वैक्सीनेशन: आज स्वास्थ्य सचिव करेंगे समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली:** देश में कोरोना महामारी के खिलाफ टीकाकरण का काम तेजी से हो रहा है। देश में वैक्सीन की अब तक 190 करोड़ से ज्यादा खुराक दी जा चुकी है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ शुक्रवार को कोविड 19 टीकाकरण कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे। सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। कोविन वेबसाइट के मुताबिक देश में अब तक 191 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन की डोज लग चुकी हैं। इनमें से 100 करोड़ से ज्यादा लोगों को पहली डोज जबकि करीब 88 करोड़ दूसरी खुराक दी जा चुकी है। वहीं, तीन करोड़ से ज्यादा लोगों को प्रीकाशन डोज दी जा चुकी है।

**उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा टीकाकरण:** उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा टीकाकरण हुआ है। यहां अब तक 32 करोड़ 23 लाख से अधिक लोगों को वैक्सीन लग चुकी है।



## खबर संक्षेप

### डग्गामार वाहन संचालक काट रहे मलाई

**कोरांव।** तहसील क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर डग्गामार वाहन संचालक भी मलाई काट रहे हैं। कई ऐसे वाहन कोरांव, खीरी एवं मांडा थाना क्षेत्र में चल रहे हैं जिनका न तो रजिस्ट्रेशन है न तो परमिट, लेकिन खुलेआम सड़कों पर फरार्टे भरते देखे जा रहे हैं। तहसील प्रशासन हो अथवा इलाकाई पुलिस डग्गामार वाहनों के विरुद्ध कभी अभियान नहीं चलाते हैं। जिससे डग्गामार वाहन संचालकों के हौसले बुलंद रहते हैं, और मनमाने तरीके से सड़कों पर फरार्टे भरते रहते हैं।

### बारात गए युवक की बाइक चोरी

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के कादीपुर गांव में बुधवार की रात विजय बहादुर ने अपनी बाइक लेकर बारात में शामिल होने गया था। युवक ने बाइक को शादी समारोह पंडाल के बाहर खड़ी करके भोजन करने के लिए चला गया तत्पश्चात बाहर आया देखा बाइक नहीं दिखी। चन्दरपुर उर्फ बसमहुआ थाना थरवई निवासी विजय बहादुर पुत्र कल्लू राम बाइक लेकर कादीपुर गांव स्थित एक बारात में शामिल होने गया था वहां पर युवक ने अपनी बाइक शादी समारोह पंडाल के बाहर खड़ी करके भोजन करने चला गया। भोजन के पश्चात युवक जब बाहर आया देखा कि उसकी बाइक चोरी हो गई। युवक अपनी बाइक न देखकर अचम्भित रह गया। काफी खोजबीन के पश्चात भी बाइक नहीं मिली तो युवक ने 112 नंबर पीआरबी पुलिस को सूचित किया। 112 नंबर पीआरबी पुलिस मौके पर पहुंचकर खोजबीन किया परन्तु बाईक नहीं मिली।

# डीएम की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन योजनाओं के निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## बैठक में अनुपस्थित सहायक अभियन्ता के वेतन रोकने के निर्देश

अखंड भारत संदेश



जल जीवन मिशन योजना को लेकर बैठक करते जिलाधिकारी

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में गुरुवार को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत नयी योजनाओं के निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक संगम सभागार में आयोजित की गयी, बैठक में जिलाधिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति न होने पर नराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित संस्था मेसर्स एल0एण्ड0टी0लि0 को और संसाधन बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने प्रत्येक सप्ताह कार्यो की प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिये है। तथा बिना अनुमति के बैठक में सहायक अभियन्ता अनुपस्थित पाये जाने पर वेतन रोकने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कार्यो के सत्यापन की जानकारी ली तथा अधिशाषी अभियन्ता को निर्देश दिये है कि 15 प्रतिशत कार्यो का सत्यापन अधिशाषी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) स्वयं करेगे तथा अन्य कार्यो का सत्यापन सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता करेगे, उन्होंने डेटा सही न मिलने पर अधिशाषी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) सहित सभी सम्बन्धित अभियन्ताओं को कड़ी चेतावनी दी हैं। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी से स्कूलो में पेयजल की जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि जहॉ पर भी हैण्डपम्प खराब है, वहॉ पर पंचायतो द्वारा रिवोर कराया जायें, उन्हांने रैक्टो फीटिंग डेटा के अन्तर्गत निर्देशित किया कि कार्यो में समया अवधि तथा कार्यो के फोटोग्राफर्स सहित रिपोर्ट प्रेषित करें, उन्होंने मेसर्स एल0एण्ड0टी0ली0 को कार्यो में और तेजी लायें जाने का निर्देश दिया हैं। उन्होंने पेयजल के कार्यो में लापरवाही या उदासीनता कत्तई क्षम्य नही होगा, बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) सहित सभी सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थें।

## अचेतावस्था में मिली वृद्धा को परिजनों से मिलवाया

**झूंसी।** सहसो के कसेरुआ कला गेट के पास मध्य दोपहर में अचेता अवस्था में मिली वृद्धा का इलाज कराकर 108 एम्बुलेंश के ईएमटी सन्तोष ने परिजनों से ने मिलवाया तो परिजनों ने उनका आभार प्रगट किया। बताया जाता है कि कसेरुआ गेट के पास एक बुजुर्ग महिला अचानक गिरी कर बेहोस हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने उस वृद्ध महिला को पास के गुमटी के तख़्त पर लिटाया महिला को तेज बुखार था। सूचना पर पहुची 108 एम्बुलेंस के ईएमटी संतोष भारतीया चालक धर्मपाल यादव महिला को सीएचसी बनी ले गए जहाँ उसका इलाज किया गया। बुजुर्ग महिला के पास से एक झोला था जिसमे उसके कुछ कपड़े और आधार कार्ड मिला आधार कार्ड से पता चला कि वह बरेठी गांव की है। ईएमटी संतोष भारतीया ने बरेठी के ग्राम प्रधान को फोन कर महिला परिजनों को सूचना दिलाई। वृद्धा के बेटे आये और अपनी माँ को अपने साथ लेगये। बेटों ने बताया कि कसेरुआ में बहन की शादी हुई है थी वहा से कड़कती धूप में चल दी जिसके वजह से बह बेहोस हो गई थी।

## न्यूज झरोखा

### मासूम बालक नाले में गिरा,स्थानीय लोगों ने बचाया



**नैनी प्रयागराज।** थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड हनुमान नगर मोहल्ले में बुधवार की शाम (2) वर्षीय मासूम बालक नाले में एकाएक गिर गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सकुशल बाहर निकाल लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार नैनी के स्टेशन रोड हनुमान नगर मोहल्ले में नाले का निर्माण कार्य चल रहा है। पिछले कई दिनों से ठेकेदार द्वारा निर्माण रोक दिया गया। बुधवार की शाम को (2) वर्षीय मासूम बालक नाले में एकाएक गिर गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सकुशल बाहर निकाल लिया गया। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने व्यापार मंडल नैनी के अध्यक्ष राकेश जायसवाल की अगुवाई में नगर निगम के अधिकारियों एवं ठेकेदार के खिलाफ विरोध जताया। इस दौरान राकेश जायसवाल ने बताया, कि संबंधित ठेकेदार के द्वारा नाला के निर्माण कार्य में काफी लापरवाही बरती जा रही है। विगत कई दिनों से उक्त नाले को खुला छोड़ दिया गया है। जिसकी वजह से नाले में गिरकर आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं।

### एसपीओ टीम प्रभारी ने कार्यकताओं को दिया तत्पर रहने का निर्देश



**नैनी प्रयागराज।** गुरुवार को एसपीओ टीम की एक बैठक मल्हारा फाटक स्थित संपन्न हुई बैठक में एसपीओ प्रभारी अभय राज सिंह ने कहा कि पिछले कई दिनों से एसपीओ टीम के कार्यकताओं ने अगर एसपीओ टीम में जो भी कार्यकर्ता ड्यूटी पर समय नहीं दे पाएगा उसको टीम से निकाल दिया जाएगा इसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा। एसपीओ टीम के पदाधिकारी मौजूद रहे ।उपस्थित लोगों में प्रभारी अभय राज सिंह, उप प्रभारी परवेज अहमद, जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली , थाना प्रभारी रवि मिश्रा ,मीडिया प्रभारी विरेंद्र कुमार पटेल , सेल मीडिया प्रभारी संदीप विश्वकर्मा , इकरामउल्लाह, एरिया इंचार्ज रामजी जयसवाल ,दिनेश केसरवानी ,रमेश केसरवानी , दीपक केसरवानी, संजीव वर्मा राजू वर्मा सुशील शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

### बेटियों की शादी मे सहयोग करने से पुण्य प्राप्त होता हैं



**जसरा।** बेटियों की शादी मे किसी भी प्रकार का सहयोग बहुत ही पुण्य एवम मानसिक सुकून प्रदान करता हैं इसलिए जितना अधिक से अधिक हो सकें निर्धन बेटियों के शादी मे सहयोग करना चाहिए उक्त बातें युवा समाजसेवी एवम इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोध छात्र अभिषेक सिंह पटेल ने गुरुवार को क्षेत्र के मदरा मे शादी मे दो कुंतल आटा, पचास किलो चीनी, एक टीन रिफायन की मदद करने के दौरान व्यक्त किए। इस दौरान उन्होंने बेटियों को पौधा भेंट करते हुए आमजनों से शादी, जन्मोत्सव, वैवाहिक वर्षगांठ इत्यादि अवसरों पर पौधे लगाकर सुन्दर स्मृति के लिए भी प्रेरित किया साथ ही दहेज के रूप मे फलदार एवम छायादार पौधे भी भेंट करने का रिवाज प्रचलित करने का भी आग्रह किया। मदरा गाँव की संजीता एवम अमीषा की शुक्रवार,20मई को शादी हैं। पारिवारिक हालात ठीक न होने के कारण युवा समाजसेवी अभिषेक सिंह पटेल ने सामूहिक चंदे से एकत्रित राशि के द्वारा परिवार की मदद किया हैं। शोध छात्र के इस प्रयास की बेटियों के परिवार सहित आमजनों मे प्रशंसा की जा रहीं हैं। शोध छात्र के द्वारा पूर्व मे भी हजारों की तादाद मे इसी तरह खाद्यान्न समेत सामूहिक विवाह के माध्यम से बड़े पैमाने पर बेटियों के हाथ पीले किये जा चुके हैं। जल संरक्षण की दिशा मे अनेकों हैण्डपम्प के साथ कूप की सफाई, तालाबो का जीर्णोद्धार समेत व्यापक पैमाने पर वृक्षारोपण भी करवाया जा चुका हैं।

### क्षेत्र की आधा दर्जन से अधिक सड़कें गड्ढों में तब्दील, राहगीर सड़कों पर गिरकर हो रहे चुटहिल



**रत्योंरा।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का गड्ढा मुक्त सड़क अभियान कोरांव क्षेत्र में हवा हवाई साबित हो रहा है। कोरांव तहसील क्षेत्र की आधा दर्जन से अधिक सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। जिन सड़कों पर राहगीर रात के अंधेरे व दिन में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। गड्ढा युक्त सड़कों से मार्ग दुर्घटनाएं भी अधिक हो रही हैं, किंतु विभागीय अफसर मूकदर्शक बने हुए हैं। जो सड़कें इस समय पूर्ण रूप से गड्ढों में तब्दील हैं उनमें देवघाट से हनुमानगंज पैतिहा, जमुआ धूंस से बड़ोखर, पांडेय का मड़हा से टीकर, बड़ोखर से चिरांव मार्ग, बैदवार से कपासी कला लिंक मार्ग समेत कई ऐसे मुख्य व लिंक मार्ग हैं जो पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो चुके हैं। इन सड़कों पर चलने से वाहनों के कलपुर्जे भी खराब हो रहे हैं। लेकिन सरकार के निर्देश के बावजूद भी विभागीय अफसर गड्ढा मुक्त सड़क अभियान को हवा हवाई सिद्ध करने में जुटे हुए हैं। ज्ञातव्य हो कि कोरांव तहसील क्षेत्र के जिन रूटों पर बड़े वाहनों के आवागमन की अनुमति नहीं है। उन रूटों पर भी ओवरलोड ट्रक डंपर दौड़ रहे हैं। जिससे नवनिर्मित सड़के हो या मरम्मतीकरण की गई सड़कें शीघ्र ही जानलेवा गड्ढों में तब्दील हो जा रही हैं। क्षेत्रीय लोगों ने जिन रूटों पर बड़े वाहनों के आवागमन की अनुमति है उन्हीं रूटों पर संचालन कराने तथा जिन रूटों पर अनुमति नहीं है उन रूटों पर जाने वाले वाहनों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग करते हुए गड्ढों में तब्दील सड़कों को शीघ्र गड्ढा मुक्त कराए जाने की मांग की है।



घूरपुर थाने के सामने खड़ी क्षतिग्रस्त गाड़ियां

## डीजे डांस की नर्तकियों को लेकर घराती बराती भिड़े, आधा दर्जन गाड़ियों को तोड़ा

**घूरपुर।** थाना क्षेत्र के टिकरी तालुका कंजासा गांव में बुधवार की रात आई बारात में डीजे डांस कर रही नर्तकियों को लेकर घराती और बाराती आपस में भिड़ गए। दोनो पक्ष में जमकर लात घुसे चले और बाद में बारात की खड़ी आधा दर्जन गाड़ियों पर लाठी डंडे से वार कर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया । मामले की शिकायत घूरपुर पुलिस से की गई है । घूरपुर थाना क्षेत्र के टिकरी तालुका कंजासा गांव बुधवार की रात ननकू राम यादव के यहां क्षेत्र के बरौली गांव से बारात आई थी । द्वारचार और भोजन के बाद बाराती जनवासे में चल रहे डीजे डांस पर नृत्य कर रही नर्तकियों को गाना बदल बदल कर नृत्य करने की बात कर रहे थे । इसी बीच घरात पक्ष के भी कुछ युवक पहुंचे जहां नर्तकियों के साथ अश्लील टिप्पणी की जाने लगी । इसी बात को लेकर दोनो पक्षों में कहासुनी हो गई और मारपीट होने लगी । इसी बीच कुछ युवकों ने बारात में आई आधा दर्जन गाड़ियों के शीशे तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया । सूचना पर पुलिस पहुंची तो लोग भाग निकले । गुरुवार के दिन मामले की शिकायत घूरपुर पुलिस से की गई है।

### लड़की को आसमान निगल गया या धरती

#### मादक पदार्थों की तस्करी में कई गांव सक्रीय

**कोरांव।** खीरी थानान्तर्गत पवाँरी मोजरा गाँव के एक गरीब की लड़की लगभग दो साल से गायब है ।खीरी पुलिस जिन्दा या मुर्दा पता लगाने में नाकामयाब हो चुकी है। गुमसुदगी, अपहरण का मुकदमा लिखे जाने के बाद भी मामला ठण्डे बस्ते में डाल दिया गया है। थाना पुलिस खीरी जो यूपी म.प्र.की सीमा पर दछिणांचल में जनपद से सुदूर स्थित है ।जहाँ कोई दरोगा पहले आना नहीं चाहता लेकिन आ जाने के बाद वह जाना भी नहीं चाहता ।पता नहीं इस थाने की क्या खूबी है? उक्त थानान्तर्गत मोजरा गाँव की एक लड़की 25 जुलाई 2020 को गायब हुई ।लड़की का पिता कई बार थाने की परिक्रमा किया तब जाकर 03-09-2020 को अपहरण का मुकदमा लिखा गया ।लेकिन मुकदमा लिखकर पुलिस मामले को ठण्डे बस्ते में डाल दिया है ।लड़की जीवित है या उसकी हत्या कर दी गई ।मालिक जाने। इतना ही नहीं खीरी थानान्तर्गत कई ऐसे मामले है जिनकी विवेचना वर्षो से चल रही है। आज भी माँगी, कुडरी के रास्ते म.प्र.से शराब ले आकर लोगों द्वारा बेची जा रही है ।छापर,कौंदी,पिपरहटा, कौहट आदि स्थानों पर बेलन,टोन्स नदी के किनारे दारु बन रही है लेकिन खीरी पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

## क्षेत्रीय बालिका शिक्षा अभ्यास वर्ग के चौथे दिन हुई राष्ट्रीय शिक्षा नीति विषय पर चर्चा

अखंड भारत संदेस

**नैनी।** विद्या भारती द्वारा आयोजित माधव ज्ञान केंद्र इंटरमीडिएट कॉलेज नैनी प्रयागराज में क्षेत्रीय बालिका शिक्षा अभ्यास वर्ग के चौथे दिन के प्रथम सत्र में सचिव भारतीय शिक्षा परिषद के क्षेत्रीय प्रशिक्षण प्रमुख दिनेश कुमार सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 बालिकाओं के संदर्भ में विषय पर चर्चा की आपने बताया पूरा विश्व ज्ञान के परिदृश्य में तीव्र गति से परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है ,इसलिए बिग डाटा मशीन शिक्षण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में वैज्ञानिक एवं तकनीकी विकास लगातार बढ़ रहा है, वैश्विक शिक्षा विकास एजेंडा के अनुसार विश्व में 2030 तक सभी के लिए समावेशी और समान गुणवत्ता युक्त शिक्षा सुनिश्चित करने और जीवन पर्यंत शिक्षा के अवसरों को बढ़ावा दिए जाने का लक्ष्य है ।दूसरे सत्र में डॉ रेखा चूड़ासामा ने किशोरी स्वास्थ्य एवं परामर्श विषय पर अपने विचार रखे उन्होंने कहा कि बालिकाओं का स्वास्थ्य कैसे ठीक रहे, इस उम्र में उन्हें क्या-क्या शारीरिक समस्याएं हो सकती है क्या उन्हें ध्यान रखना चाहिए उससे संबंधित क्या-क्या उपाय उसके किए जा सकते हैं के बारे में विस्तार से बताया ।तीसरे सत्र में अमिता सिंह ने बालिका शिक्षा के कार्यक्रम की चर्चा किया, इसमें उन्होंने यह बताया कि बालिका एक ऐसी शिक्षा प्राप्त करें जिससे वे अपने पैरों पर खड़ी हो सके कुशल ग्रहणी बने क्योंकि उन्हें नौकरी के साथ-साथ परिवार भी देखना होता है ।चौथे सत्र में दिनेश कुमार सिंह ने बालिकाओं के कैरियर एवं कैरेक्टर नामक विषय पर अपने विचार रखें उन्होंने कहा कि आज का जो परिवेश है बालिकाओं की शिक्षा इस प्रकार से होनी चाहिए जिससे उन्हें अपने कैरियर को चुनने में सुविधा हो, इसी सत्र में निधि द्विवेदी ने पाठ्यक्रम एवं निर्देशिका विषय पर अपने विचार रखें जबकि अर्चना अवस्थी ने किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तन एवं व्यवहार ,इस उम्र में उत्पन्न समस्याएं एवं उससे संबंधित परामर्श दिए। अभ्यास वर्ग में शारीरिक के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की के खेलकूद व उनके स्वास्थ्य के लिए महिला डॉक्टर पूरे समय तक उपस्थित रहते हैं।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय बालिका शिक्षा प्रभारी उमाशंकर मिश्र, काशी प्रांत के संगठन मंत्री राम मनोहर ,प्रदेश निरीक्षक राम जी सिंह,गोपाल संभाग निरीक्षक सुल्तानपुर, मीना श्रीवास्तव बालिका शिक्षा प्रमुख संयोजिका काशी प्रांत ,निधि द्विवेदी,चिंतामणि सिंह ,अर्चना वर्मा, दयाराम प्रधानाचार्य डॉ विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी एवं विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का हुआ ऑडिट

## अपात्रों को धन राशि वापस करने की चेतावनी तो पात्रों के जोड़े गए नाम

अखंड भारत संदेश



**रत्योंरा।** विकासखंड कोरांव के बघोल ग्राम पंचायत में गुरुवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पाने वाले किसानों के लिए सोशल ऑडिट कार्य किया गया। जिसमें किसान सम्मान निधि ले रहे अपात्र किसानों को धनराशि वापस करने की जहां चेतावनी दी गई वहीं पात्र कृषकों को योजना का लाभ लेने के लिए जोड़ने का भी कार्य किया गया। कृषि अधिकारी सरोज कुमार के नेतृत्व में ग्राम प्रधान बघोल अर्पिता देवी पति प्रतिनिधि देवमुनि चतुर्वेदी और गांव के तमाम नागरिको की उपस्थिति में गांव में किसान सम्मान निधि ले रहे किसानों का सोशल ऑडिट किया गया। इस दौरान कृषि अधिकारी एवं जिम्मेदारों के द्वारा यह निर्देशित किया गया कि जो भी किसान अपात्र है और किसान सम्मान निधि का लाभ ले रहे हैं। वे किसान खुद अपना नाम कटवा लें और प्राप्त की गई धनराशि को वापस कर दें। अन्यथा उनके विरुद्ध नोटिस जारी कर धनराशि वापस करने की कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। इस दौरान मदन प्रताप सिंह, दिनेश, फते बहादुर सिंह, अंशु चतुर्वेदी, सदाबृज तिवारी, नागेंद्र चतुर्वेदी, जनार्दन शुक्ला, संगम आदिवासी, प्रताप आदिवासी आदि लोग उपस्थित रहे।

## नमामि गंगे योजना में 300 हेक्टेयर में लगेंगे फलदार पौधे

**प्रयागराज।** इस बार जिले में 300 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फलों के पौधे लगाए जाएंगे। यह पौधे किसान नवीन उद्यान रोपण कार्यक्रम के तहत लगेंगे। इन पौधों में आम, अमरूद, आंवला, बेर, बेल, अनार, शरीफा और कागजी नीबू आदि का नाम शामिल है। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि किसानों को हर महीने तीन हजार के हिसाब से तीन साल तक प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा। प्रत्येक किसान दो हेक्टेयर तक फलों की खेती कर सकता है। उन्होंने बताया कि इस फलों के पौधों के गंगा किनारे लगाए जाने के बाद हरियाली बढ़ेगी। किसानों का आह्वान किया कि योजना का लाभ के लिए विभागीय कार्यालय से संपर्क कर सकेंगे।

## बाल संरक्षण समितियों की सक्रियता से समाप्त होगा बालश्रम : एस.डी. सिंह

### शंकरगढ़ के गाढा कटरा में ग्राम संरक्षण समिति गठित

**शंकरगढ।** विकासखंड शंकरगढ़ के प्राथमिक विद्यालय गाढ़ा कटरा में गुरुवार को ग्राम बाल संरक्षण समिति का गठन और उन्मुखीकरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान और अन्य लोग उपस्थित रहे। नवगठित समिति के सदस्यों को जानकारी देते हुए उत्प्रेरक संस्था पीजीएस के जिला समन्वयक एसडी सिंह ने कहा कि बाल श्रम को जड़ से समाप्त करने में संरक्षण समितियों की बहुत बड़ी भूमिका है? उन्होंने बालश्रम, बाल यौन शोषण, बाल तस्करी, बाल विवाह, जैसे बाल शोषण के मामलों के प्रति ग्राम बाल संरक्षण समितियों को हमेशा सजग रहने को कहा । समेकित बाल संरक्षण योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए बाल संरक्षण के प्रति समिति के लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में ग्राम बाल संरक्षण समिति के अध्यक्ष ग्राम प्रधान कामता सिंह, सचिव कुसुम कली, प्रधानाध्यापिका जेवा तबस्सुम, एएनएम अंजली सिंह, सरोज सिंह ,कुंती देवी ,मनोज कुमार, रीता देवी, आराधना सिंह, मूलचंद, दीपक कुमार, मनीष कुमार, सुधीर केहरी,फूलकुमार आदि लोग उपस्थित रहे।



# न्याय के लिए महिला तीन साल से खीरी थाना का लगा रही है चक्कर

अखंड भारत संदेश



**पति को खीरी पुलिस दो दीन बैठाने के बाद 151 की कार्यवाही कर पल्ला झाड़ा**

**महिला को पति के सामने पेस हो कर आप बिति बताने को रोका गया**

**लेडियारी।** क्षेत्र के थाना खीरी अन्तर्गत ग्राम पंचायत सुभाष पूरा (मझिला) पूजा पाल उर्फ.संगीता देवी पत्नी राज कुमार पाल स्थाई पता ग्राम मझिला थाना खीरी जनपद प्रयागराज की स्थाई निवासी हैं पूजा के पिता पन्नालाल पाल निवासी ग्राम महुली (रंगनाथ चौराहा) थाना कोरांव हिन्दु रीति-रिवाज के अनुसार 27/06/2012 को राजकुमार पाल पुत्र भगवानदास पाल के साथ सादी की गई थी। इनके एक पुत्री भी है उसका नाम अंशिका है जिसकी उम्र लगभग 4 वर्ष है जोकि अपनी मां के साथ ननिहाल में रहती हैं राजकुमार पाल अपनी पत्नी एवं बच्ची को छोड़ कर मुम्बई रहता था पास परोस के लोगों ने राजकुमार के औरत के मोबाइल पर बात कर बताया कि आपके पति को क्या हो गया है किसी अग्यात औरत के साथ टहलते हुए देखें जा रहें आप चाहो तो अब भी मुम्बई आकर रहो एवं समझाओ तो महिला ने तत्काल अपने पति को दबाव बना कर मुम्बई से मझिला बुला ली लेकिन राजकुमार पाल अपने घर से 19/03/2020 को मुम्बई के लिए ले गया कल्याण स्टेशन पर फोन कर अपने रेस्तेदारो के साथ रहने के वास्ते ट्रेन से उतार कर चला गया शाम को आकर अपने जगह पर ले चलूंगा लेकिन नियत तों राजकुमार की गन्दी थी ।पांच दिन के कोरोना काल की महामारी के चलते काम काज लोगों का बन्द हो गया तों राजकुमार पाल ने अपने रेस्तेदारो के खाते में कुछ पैसा खर्चे के लिए भेज दिया था । लेकिन छठवें दिन लाक डाउन लग गया ट्रेन आदि साधन बन्द कर दिए गए तों कुछ महिलाएं पूजा पाल के मइके की परिवार के साथ रहतीं थीं।और घर के लिए सब लोग अपना अपना कमरा छोड़ कर पैदल यात्रा करने को तैयार होने लगें तो पूजा ने अपने पति राजकुमार पाल से मोबाइल नंबर पर बात करने की कोशिश करने लगी तों मोबाइल फोन को बन्द कर लिया था। क्यूं कि इनके रेस्तेदार पहले बता दिये थे हम लोग अपने जनपद प्रयागराज घर पैदल जाने वाले हैं इनको क्या करे ।बताया जाता है निर्दई ने मोबाइल फोन काल को काट कर मोबाइल फोन बन्द कर दिया था तो पूजा मजबूर हो कर मुम्बई से पैदल गांव के महिलाओं के साथ चल पड़ी रास्ते अपने बच्ची के खाने के लिए भिख मांग मांग कर खिलाते पानी पिलाते हुए चौदहवें दिन पैर में छाले लेकर मइके पहुंची तो पिता इलाज कराने लगा और पैर को ठीक कराया।फिर कुछ दिन बाद राजकुमार पाल आया तो अपने पत्नी एवं बच्ची से मिलने शशुराल चला आया एक हफ्ते तक रुकने के बाद घर लौट कर आया तो परिवार के लोगों ने राजकुमार पाल के कान में नफरत भर दिए राजकुमार के पिता द्वारा पारिवारिक जीवन में दखल देने के वास्ते पारिवारिक न्यायालय में याचिका दाखिल कर दिए तब पूजा पाल कोर्ट-कचहरी की चक्कर लगा रही है राजस्व विभाग एवं पुलिस बिभाग अनदेखी कर रहे है महिला को उसका हक नहीं मिल पा रहा है। भुक्त भोगी का कहना है में अब तक दो बच्चों की मां बनी होती लेकिन मेरे साथ बहुत घोर निन्दनीय कार्य कराने के बाद हमें छोड़ा गया है महिला पूजा का कहना है अब बाकी क्या रह गया है दो दिन के अन्दर पुलिस अधीक्षक प्रयागराज के यहा पेस हो कर अपनी बात रखूंगी।

## 50 हजार का इनामी औरंगाबाद का बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**प्रयागराज।** क्राइम ब्रांच और थरवई पुलिस ने बुधवार देर रात मुठभेड़ के दौरान बिहार के कुख्यात बदमाश चिंटू खरबार को गिरफ्तार कर लिया। 50 हजार का इनामी चिंटू साथी के साथ थरवई इलाके में छिपा था। पुलिस ने घेराबंदी की तो मुठभेड़ हो गई। दोनों बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में चिंटू के पैर में गोली लगी। वह लहूलुहान होकर गिरा तो उसका साथी गोली चलाता हुआ निकल भागा। पुलिस टीम ने चिंटू को अस्पताल में भर्ती कराया है। एसएसपी अजय कुमार का कहना है कि कई हत्या के मामले में चिंटू खरबार पुत्र जीतलाल खरबार निवासी बारून औरंगाबाद, बिहार फरार चल रहा था। उसके ऊपर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित हुआ था। चिंटू के साथी की तलाश में दो टीमें छापामारी कर रही हैं।

# सीएम के आदेशों को धता बता रहे अफसर बदस्तूर जारी है अवैध खनन व परिवहन

अखंड भारत संदेश

**कोरांव क्षेत्र के नदी घाटों व पहाड़ों पर नहीं बंद हो रहा अवैध खनन, पाबंदी के बाद भी चल रहे ओवरलोड वाहन, नहीं हो रही कार्रवाई**

**रत्योंरा।** कोरांव तहसील क्षेत्र के थाना खीरी, थाना मांडा व थाना कोरांव के नदी घाटों व पहाड़ों में अवैध खनन व परिवहन का कार्य बदस्तूर जारी है। जहां खुलेआम पूरे दिन गिट्टी पत्थर बोल्डर व बालू का अवैध परिवहन किया जाता था वहीं अब रात के अंधेरे में भी खनन माफिया अवैध खनन सामग्रियों की तोड़ाई व परिवहन करते देखे जा रहे हैं। विभागीय अधिकारी हों अथवा स्थानीय अफसर सब मुख्यमंत्री के निदेशों को भी धता बताते देखे जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश अवनीश अवस्थी ने समस्त जनपदों के जिलाधिकारियों वरिष्ठ पुलिस अधीक्षको एवं परिवहन अधिकारियों समेत खनन अधिकारियों को यह निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्रों में पूर्णतया अवैध खनन व परिवहन तथा ओवरलोड वाहनों पर अंकुश लगाते हुए उन पर छापेमारी व धरपकड़ की कार्रवाई करते हुए अवैध खनन व ओवरलोड तथा परिवहन में संलिप्त वाहनों को सीज करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, किंतु अफसर हैं कि मुख्यमंत्री के फरमानों को भी ठेंगा दिखाने का काम कर रहे हैं। कोरांव तहसील क्षेत्र में जब कभी कभार अवैध खनन के विरुद्ध अभियान चलाया जाता है तो इसकी सूचना अवैध खनन माफियाओं को पहले ही दे दी जाती है। जिससे वे सतर्क हो जाते हैं। उपरोक्त संबंधित तीनों थाना क्षेत्रों में रात में भी अवैध खनन व परिवहन का कार्य हो रहा है। जिसके लिए बाकायदा रूट निर्धारित हैं, उन रूटों पर रात में पुलिस गस्त तक नहीं करती है। खनन माफिया मनमाने तरीके से खनन सामग्री का परिवहन कर राजस्व को चूना लगाते हुए मालामाल हो रहे हैं। कोरांव बाजार में सुबह 7 बजे से लेकर रात 9 बजे तक बड़े वाहनों एवं ओवरलोड वाहनों के प्रवेश पर पूर्णतया पाबंदी लगाई गई है। लेकिन चाहे दिन हो या रात मनमाने तरीके से अवैध ओवरलोड वाहनों का आवागमन लगा रहता है। तहसील अधिकारी हों अथवा इलाकाई पुलिस हो इन्हीं के नाक के नीचे ऐसे वाहन बाजार में खुलेआम परिवहन करते देखे जाते हैं।

# कार ने बाइक सवार दो किशोरों को रौंदा हुई मौत

अखंड भारत संदेश

**हनुमानगंज।** वाराणसी प्रयागराज मार्ग जुनेदपुर गांव के सामने कार की चपेट में आने से बाइक सवार दो किशोरों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना की वजह से सड़क पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई जिसकी वजह से वाहनों के पहिए भी थम गए। सूचना मिलने पर परिजन भी रोते बिलखते पहुच गए। पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज अवगम सुचारू कराया।

सरायइनायत के देवरिया गांव निवासी विशाल पाल 16 पुत्र राजेश पाल व मुस्तफाबाद निवासी अंकित भारतीया पुत्र लालमणि गुरुवार को बाइक से थरवई जा रहे थे। बताया जाता है कि जीटी रोड पर जुनेदपुर गांव के सामने एक बाइक की टक्कर से दोनों अनियंत्रित हो कर सड़क पर गिर पड़े तभी वाराणसी की तरफ जा रही कार दोनों को रौंदते हुए निकल गई। मौके पर पहुची पुलिस लोगो की मदद से दोनो को पास के एक अस्पताल ले गई जहा डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों किशोरों के मौत की सूचना घर पहुची तो कोहराम मच गया। सभी परिजन रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंच गए। रोड पर अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया जिसकी वजह से वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर जाम जैसे हालात उत्पन्न हो गए। थाना अध्यक्ष सुशील दुबे फोर्स के साथ सड़क खाली करा कर आवागमन सुचारू कराया। बताया जाता है कि विशाल कक्षा 8 का छात्र था दो भाई व एक बहन में वह सब से बड़ा था। अंकित दो भाई दो बहनों में तीसरे नम्बर पर था। दोनों साथ में टेंट हॉउस में काम करते थे। काम के सिलसिले में थरवई जा रहे थे।



हादसे के बाद घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़ तथा इनसेट में सफेद शर्ट में विशाल व लाल शर्ट में अंकित

## खबर संक्षेप

### विराली पाण्डेय ने एसएम बीटी मेडिकल कालेज नासिक मे टॉप कर मेजा का नाम किया रोशन



**मेजा रोड।** मेजा की बेटी ने एमबीबीएस में टाप कर मेजा का नाम रोशन किया है। जिससे परिवार व रिश्तेदारों में खुशी का माहौल है। बता दें कि मेजा क्षेत्र के गोसौरा कला गांव निवासी इंद्रेश पांडे की बेटी विराली पाण्डेय ने एस एम बी टी मेडिकल कालेज नासिक मे एमबीबीएस टाप कर मेजा का नाम रोशन किया है। विराली के चाचा पूर्व प्रधान गोसौरा अवधेश पाण्डेय ने बताया कि बेटी ने क्षेत्र का नाम रोशन कर हम सबका गौरव बढ़ाया है। विराली पाण्डेय ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ दादा जयदेव पाण्डेय उर्फ रंगलाल पाण्डेय को दिया है। परिवार व रिश्तेदारी सहित क्षेत्र के लोगों मे खुशी का माहौल है।



हादसे के बाद घटनास्थल पुलिस व लोग

# तेंदुआ कला गांव के पास दो बाईकों की आमने सामने टक्कर, एक की मौत

**मेजा रोड।** तेंदुआ कला गांव के समीप दो बाईकों की जबरदस्त टक्कर मे एक की मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल भिजवाया गया। मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के गुरुदत्त का पूरा गांव निवासी दक्षत ओझा (42) किसी काम से मेजा से मेजारोड जा रहे थे कि जैसे ही वह तेंदुआ कला (उस्मान का डेरा) के पास पंहुचे ही थे कि सामने से आ रही एक अन्य बाइक से जबरदस्त टक्कर हो गई जिसमे दक्षत ओझा (42) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दुसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से अस्पताल भिजवाया गया। सुचना पर पंहुचे थाना प्रभारी मेजा धीरेन्द्र सिंह ने लिखापढ़ी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक गंभीर रूप से घायल युवक का नाम स्पष्ट नहीं हो पाया था।

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के कराटे के स्वर्ण पदक विजेता को किया स्वागत

**घूरपुर।** घूरपुर के एक मामूली किसान और चाय की दुकान चलाकर घर परिवार का भरण पोषण करने के बेटे ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में बंगलुरू के जैन यूनिवर्सिटी ने स्वर्ण पदक हासिल किया है । गुरुवार के दिन घर पहुंचने के पूर्व घूरपुर थाने के प्रभारी एएसपी चिराग जैन ने स्वर्ण पदक विजेता प्रमोद का माला पहना कर स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी । घूरपुर के मनकवार गांव निवासी चंद्रिका प्रसाद कुशवाहा गांव में छोटी किसानी के साथ ही एक छोटी चाय की दुकान चलाते हैं । उनका बेटा प्रमोद कुमार कुशवाहा जो बीएचयू से एमपीएड का छात्र है । विगत 2 मई को प्रमोद कुमार कुशवाहा ने बंगलुरू में चल रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में कराटे की प्रतियोगिता में गोल्डमेडल प्राप्त किया था । गोल्डमेडल प्राप्त करने के बाद गुरुवार के दिन पहली बार घर पहुंचे प्रमोद का घूरपुर थाने के सामने घूरपुर थाना प्रभारी एएसपी चिराग जैन माला पहनाकर स्वागत किया।उसके बाद मौजूद ग्रामीणों की भीड़ ने प्रमोद के स्वागत में गाजे बाजे के साथ स्वागत करते हुए घर तक ले गए ।



कराटे के स्वर्ण पदक विजेता का स्वागत करते एएसपी चिराग जैन

# सड़क पर और दुकान के सामने न करें अतिक्रमण

अखंड भारत संदेश

## एसडीएम और सीओ ने नगर पंचायत शंकरगढ़ भ्रमण कर व्यापारियों को किया जागरुक,दी चेतावनी



**शंकरगढ़।** मार्ग पर वाहन खड़ा करने और दुकान लगाने से आए दिन होने वाले हादसों पर लगाम लगाने की कवायद शुरू कर दी गई है। योगी सरकार के फरमान के बाद गुरुवार को एसडीएम बारा सौम्या गुरुरानी, सीओ बारा विमल किशोर मिश्र, एसओ शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह, नगर पंचायत ईओ सत्येंद्र प्रकाश चौरसिया ने नगर पंचायत शंकरगढ़ के सदर बाजार में भ्रमण कर सभी व्यापारियों को हिदायत दी।

एसडीएम ने कहा कि सभी व्यापारी अपनी परिधि में ही दुकान लगाएं। खरीदारी के लिए आने वाले ग्राहकों के वाहन भी सड़क पर पार्क न करवाएं। सीओ बारा विमल किशोर मिश्र ने लाउडस्पीकर के जरिए शासन के नये आदेश से सभी व्यापारियों को अवगत कराया। सीओ ने कहा कि जिन-जिन लोगों ने सड़क पर नालियों पर कब्जा किया है,वह अपने आप कब्जा हटा लें।इसके अलावा सीओ बारा ने थानाध्यक्ष शंकरगढ़ को डग्गामारी रोकने, अवैध टैक्सी स्टैंड बंद करवाने, ट्रैफिक नियमों का पालन करवाने, अराजकतत्वों पर लगाम लगाने की हिदायत दी। सीओ ने कहा कि लोगों हेलमेट व सीटबेल्ट लगाने के लिए जागरुक किया जाए। इसके अलावा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के मद्देनजर स्कूलों में रोड सेफ्टी क्लब का गठन किया जाए। सीओ ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना किसी एक विभाग के जिम्मे नहीं है। यह सभी के सामूहिक प्रयास से ही संभव होगा। उन्होंने जागरुकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया।सीओ ने कहा कि दोबारा नाली पटरी पर अतिक्रमण पाए जाने पर जुमार्ना भी वसूला जाएगा।

### अंत्योदय कार्ड धारकों के लिए आई चीनी

**प्रयागराज।** जिले के अंत्योदय कार्ड धारकों को तीन महीने की चीनी का वितरण किया जाएगा। शासन की ओर से चीनी का कोटा भेजा गया है। अप्रैल, मई और जून के लिए चीनी आ चुकी है। जिसका वितरण जून महीने में होगा। खाद्य सुरक्षा विभाग के अफसरों का कहना है कि कोटा इसी महीने आया है। लेकिन अभी खाद्यान वितरण के कारण इसे सरकारी राशन की दुकानों से दे पाना संभव नहीं है। उठान किया जा रहा है, जिसमें 10 दिन का वक्त लगेगा। जून में तीनों महीनों की किस्त एक साथ वितरित की जाएगी।

### ट्रांसफार्मरों में तकनीकी खराबी से शहर में घंटों आपूर्ति प्रभावित

**प्रयागराज।** जिले में बिजली आपूर्ति की राह में ट्रांसफार्मरों में तकनीकी समस्या अवरोध बन रही है। पिछले 24 घंटे में शहर के कई स्थानों पर ट्रांसफार्मरों में अलग-अलग खामियां आने से घंटों आपूर्ति प्रभावित रही। म्योहॉल डिवीजन के तहत आने वाले अशोक नगर में ट्रांसफार्मर का डीओ देर रात उड़ गया। इससे सैकड़ों घरों में आपूर्ति ठह हो गई। करेली में सी ब्लाक और ई ब्लाक में ट्रांसफार्मर फुंकने की वजह से करीब चार घंटे तक आपूर्ति ठप रही। कई मोहल्लों में लोग दिन भर गर्मी और उमस से परेशान रहे। आपूर्ति ठप रहने की वजह से जलापूर्ति की राह में भी अवरोध खड़ा हो गया।

# राष्ट्रीय प्रजापति मंच के जिलाध्यक्ष बने अभिषेक प्रजापति



**मेजा।** राष्ट्रीय प्रजापति स्वाभिमान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश प्रजापति व संस्थापक गायत्री प्रजापति व बेस्ट जोन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप प्रजापति व प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश प्रजापति जी के सहमति से जिला प्रयागराज से जिलाध्यक्ष अभिषेक प्रजापति को बनाया गया इसके पहले अभिषेक प्रजापति उपाध्यक्ष पद की कमान देख रहे थे इनकी कार्य कुशलता को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश प्रजापति ने इन्हें जिलाध्यक्ष पद की मकान दे दिया जिलाध्यक्ष पद की कमान मिलते ही संगठन के लोगों में खुशी का माहौल छा गया लोगों ने वाट्सअप, फेसबुक, ट्विटर के माध्यम से बधाई दी तथा बेस्ट जोन का प्रमाण पत्र संस्थापक के द्वारा सौंपा गया राष्ट्रीय प्रजापति स्वाभिमान मंत्र समाज को जगाने व उनके अधिकार दिलाने के लिये लड़ाई चार वर्षो से धरातल पर लड़ते चला आ रहा है इस संगठन के माध्यम से सरकार की योजनाएं को समाज मे बनाया जाता है। यह संगठन लगभग 12 राज्य में काम कर रहा है। मंत्र के संरक्षक श्रीराम प्रजापति (नेता जी) ने फोन कर दी। बधाई शुभकामनाए संगठन मंत्री राकेश प्रजापति बोले की जिलाध्यक्ष पद की मकान सही व्यक्ति को दिया गया है मैं पूरा सन्तुष्ट हूॅ ऐसा जोशिला युवा क्रान्तिकारी अपने प्रयागराज में नहीं मिलेगा इनका उपाध्यक्ष पद का कार्यकाल बहुत अच्छा थ इसके लिए मैं तहे दिल से धन्यवाद देता हूॅ।


# कार्यालय ग्राम पंचायत फैजुल्ला पुर वि0ख0 कौशाम्बी जनपद कौशाम्बी

**(अल्पकालिक निविदा सूचना)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत फैजुल्ला पुर विकास खण्ड कौशाम्बी में पन्द्रहवां वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग, मनरेगा योजना कायाकल्प योजना, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण व मरम्मत, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, खडन्जा निर्माण, हैण्डपम्प मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर, इण्टर लाकिंग, स्कूल निर्माण व मरम्मत, पंचायत भवन मरम्मत, आंगनबाडी केन्द्र निर्माण व मरम्मत, सोलर लाइट, सोलर पम्प व अन्य कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 20/05/2022 से 27/05/2022 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 28/05/2022 को 11 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2022-23 में कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

**राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा**
**(पंचायत सचिव)**
**वि0 ख0 कौशाम्बी**
**जनपद कौशाम्बी**

**सुनीता देवी**
**(ग्राम प्रधान)**
**फैजुल्लापुर वि0 ख0**
**कौशाम्बी जनपद कौशाम्बी**


# सीएचसी कोरांव में अब प्रसव पीड़िताओं को मिलेंगी सीजर की सुविधाएं

अखंड भारत संदेश

## चिकित्सक श्रीमती सोनी कुशवाहा ने अस्पताल में प्रथम ऑपरेशन करने का लिया श्रेय



**रत्योंरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव में प्रसव पीड़ितों को अब सीजर की भी सुविधाएं मिलेंगी। गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव में तैनात सर्जन डॉ श्रीमती सोनी कुशवाहा ने प्रथम ऑपरेशन करने का श्रेय प्राप्त किया। कुशल आप्रेशन से प्रसव कराने के बाद परिजनों ने चिकित्सको के प्रति आभार जताया। ऑपरेशन के बाद जच्चा व बच्चा दोनों पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के अधीक्षक डॉक्टर केबी सिंह के मुताबिक विकासखंड कोरांव के मझिगवां टीकर गांव की रहने वाली प्रसव पीड़िता राबड़ी देवी पत्नी महेश कुमार प्रसव कराने हेतु गुरुवार को परिजनों के साथ अस्पताल पहुंची। महिला ने 3 दिन पूर्व कहीं बाहर से ही अल्ट्रासाउंड कराया था। जिसकी रिपोर्ट देखने के आधार पर चिकित्सकों को यह मालूम हुआ कि गर्भ में बच्चा बेड़ा है। बगैर सीजर ऑपरेशन के प्रसव नहीं हो सकता है। यह सलाह प्रसव पीड़िता के परिजनों को दी गई। जिस पर परिजन सीजर ऑपरेशन कर प्रसव कराने के लिए राजी हो गए और सर्जन डॉ श्रीमती सोनी कुशवाहा के द्वारा सफल ऑपरेशन कर प्रसव कराया गया। सीजर ऑपरेशन कर प्रसव कराने का सीएचसी कोरांव का यह पहला मामला है। कुशल सर्जन डॉक्टर श्रीमती सोनी कुशवाहा ने कोरांव के सरकारी अस्पताल में ऑपरेशन कर प्रसव कराने का गौरव प्राप्त किया। अधीक्षक डॉक्टर केबी सिंह के मुताबिक अब प्रसव पीड़िताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। ऑपरेशन कर भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव में प्रसव कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से इसकी पहल की जा रही थी जो सर्जन डॉक्टर श्रीमती सोनी कुशवाहा के अथक प्रयास से संभव हो सका।

# पीएम किसान निधि के लिए केवाईसी कराने के नाम पर वृद्ध से करा ली करोडों की जमीन की रजिस्ट्री

अखंड भारत संदेश

**करछना।** वृद्ध किसान को किसान सम्मान निधि का पैसा दिलवाने के लिए के वाई सी करवाने के नाम पर घर से लेजाकर तहसील में चार लोगों ने मिलकर एक किसान से फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन का रजिस्ट्री करा लिया। पीड़ित ने थाने पर शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। क्षेत्र के कचरी गांव निवासी मुन्नालाल पुत्र स्वर्गीय रामदास ने करछना थाने पर तहरीर देकर शिकायत की है कि गांव के ही सामने मिजार्पुर प्रयागराज हाईवे के बगल उसकी लगभग 8 बिस्वा हिस्से की पैतृक जमीन । जिसकी कीमत करोड़ों हैं। जिस पर वह खेती करते हैं। छोटा काश्तकार होने के कारण किसान सम्मान योजना के तहत धनराशि उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा भीरपुर में आता है जो किसी कारण बस बंद हो गया है। जिसे पुनः चालू कराने को लेकर गांव के ही प्रेम कुमार पुत्र शिव लोचन ने बीते 29 अप्रैल को अपने साथ करछना लिवा गया। जहां पहले से ही जमीन खरीदारों की पार्टी बुला रखी थी । और जालसाजी के तहत फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर हिस्से की पूरी जमीन कृष्णा कांत तिवारी पुत्र त्रिभुवनपति तिवारी निवासी घटवा सोनाई व श्रीमती निरंजना यादव पत्नी बृजेश कुमार निवासी कुई अकोढा के नाम से जमीन की रजिस्ट्री करा दिया गया। जिसमें सूरज केसरवानी पुत्र गुलाब चंद्र केसरवानी निवासी नेवादा समोगरा को गवाह बनाया गया है। मुन्ना लाल ने बताया है कि उसने न तो जमीन का कोई रकम तय किया था और ना ही लिया है। जिसकी जानकारी पीड़ित मुन्नालाल के घर के अन्य सदस्यों को हुई तो हड़कंप मच गया। मामले को लेकर मुन्ना लाल ने करछना थाने पर लिखित तहरीर देकर शिकायत करते हुए रजिस्ट्री निरस्त कराने की मांग की है। थाना प्रभारी टीकाराम वर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान में है जिसकी लिखित तहरीर प्राप्त हुई है। दोनों पक्ष के लोगों को बुलवाया गया है। जिसके आने के बाद ही मामले का निस्तारण हो पाएगा। जिसमें जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## शिकायत पर जाँच में जुटी पुलिस




# कार्यालय ग्राम पंचायत देवीबाँध वि0खं0कोरांव प्रयागराज

**(निविदा सूचना)**

ग्राम पंचायत देवीबाँध विकास खंड कोरांव जनपद प्रयागराज में 14वां वित्त, 15 वा वित्त एवं चतुर्थ राज्य वित्त आयोग, मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत हैंडपंप मरम्मत, रिबोर, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, पाइप खडजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सोलर लाइट, डस्टबिन, सफाई किट व सामुदायिक शौचालय का निर्माण आदि में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे इंटरलॉकिंग ईंट, लाल ईंट, बालू, गिट्टी, एसएल डब्ल्यूएम, सरिया, स्टोन, पत्थर, स्टोन ग्रिट, जीएसबी, दरवाजा, पेंट, टाइल्स, ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत समस्त कार्य, कोरोना वायरस संबंधित साफ सफाई का कार्य व चबूतरा निर्माण, पंचायत भवन, अंत्येष्टि स्थल के निर्माण मरम्मत एवं मरम्मत एवं भूसा आपूर्ति प्रशासनिक व्यय प्रधान मानदेय आदि कार्यों में आपूर्ति की आवश्यकता है। आपूर्तिकर्ता व्यापार कर वाणिज्य कर आयुक्त कार्यालय में पंजीकृत हो, निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 23 मई 2022 से दिनांक 27 मई 2022 तक निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा होगा। निविदा दिनांक 07जून 2022 को ग्राम पंचायत कार्यालय में समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा कोटेशन स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। सामग्री की मात्रा पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगी। उक्त निविदा वर्ष 2022 में कराए जाने वाले समस्त विकास कार्य हेतु प्रभावी होगी।

**सोहागी देवी**
**(ग्राम प्रधान )**
**ग्रा0 पं0 देवीबाँध**
**वि0खं0 कोरांव प्रयागराज**

**पवन कुमार पटेल**
**(ग्राम पंचायत सचिव )**
**ग्रा0 पं0 देवीबाँध**
**वि0खं0 कोरांव प्रयागराज**


# उरुवा में सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता रैली का शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

## परिषदीय विद्यालयों के नेतृत्व में चला जागरूकता अभियान



**मेजारोड़।** विकास खंड उरुवा के परिषदीय विद्यालयों में बड़े ही धूमधाम से सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान रैली निकाली गई और समाज के लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाकर अभिभावकों व ग्रामवासियों को सावधानी रखकर गाड़ी चलाने तथा दुर्घटनाओं से अपनी जान को बचाने के लिए बच्चों द्वारा लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट के प्रयोग के बारे में बताया गया तथा नियमों के पालन के लिए शपथ ली गई। जनपद के जिला अधिकारी तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी के निर्देश पर विकासखंड उरुवा की समस्त परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की एक रैली निकालकर सड़क सुरक्षा के लिए लोगों को जागरूक किया। वहां उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा के नियम के बारे में समझाया गया और बताया गया कि हर रोज थोड़ी सी लापरवाही से सैकड़ों लोग अपनी जान से हाथ धो बैठते हैं। सड़क पर चलने से पहले सड़क सुरक्षा के कानूनों का पालन करना सभी के लिए आवश्यक है। स्कूल के बच्चों ने नारे लगाने के साथ-साथ शपथ लेते हुए कहा कि हम प्रतिज्ञा करते है कि हम सड़क पर सदैव यातायात नियमों का पालन करेगें तथा सुरक्षित यात्रा हेतु सैदव प्रयास करेंगे और नारे लगाते हुए कहा कि सावधानी हटी,दुर्घटना घटी। हमेशा बाएं चलिए। स्पीड लिमिट में रखिए और दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर लगाएं तथा वाहन चलाते समय मदिरा व मोबाइल फोन का प्रयोग कदापि न करें आदि नारे लगाए गए और उपस्थित जन समुदाय को बच्चों तथा अध्यापकों के साथ शपथ दिलाई गई। वहीं विकास खंड के अनेक परिषदीय विद्यालयों में ब्लॉक के एआरपी (विज्ञान) सुनील शुक्ला विद्यालयों में पहुँचकर ग्राम प्रधानों एवं गाँव के वरिष्ठजनों को साथ लेकर सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया तथा कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया और लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। एआरपी राजेश मिश्रा, प्रीतम दास व बिमलेश यादव ने भी ब्लॉक के अनेक परिषदीय विद्यालयों में जाकर सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता रैली में प्रतिभाग कर लोगों को जागरूक किया। ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय लोहारी, सिरसा, ओनोर, डोहरिया, चौकी, परानीपुर तथा प्राथमिक विद्यालय केवटाही, रामनगर, टिकुरी, समहन, मिश्रपुर आदि परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के नेतृत्व में बड़े ही धूमधाम एवं भव्य तरीके से सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता रैली का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## चार धाम यात्रा के लिए लिया टिकट निकला फर्जी

**झूंसी।** क्षेत्र में एक परिवार चार धाम यात्रा के लिए ऑनलाइन टिकट बुक कराया था। जब जाना हुआ तो पता चला की टिकट ही फर्जी है। पीड़ित ने अब मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की है।

सरायतकी निवासी अमित त्रिपाठी चार दिन पहले ऑनलाइन चार धाम यात्रा के लिए चार टिकट एक लाख पंद्रह हजार रुपये में लिए था जिसका पेमेंट अज्ञात व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर किया था। उसने चार टिकट भी बना कर दिया था। जांच करने पर पता चला की टिकट फर्जी है। अब टिकट बुक करने वाला फोन भी नही उठा रहा है। अमित त्रिपाठी परेशान होकर गुरुवार को मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की।

# बानेमऊ घटना की होगी मजिस्ट्रेट जांच-सांसद विनोद सोनकर

## परिवार को आर्थिक सहायता हेतु मुख्यमंत्री से की मांग



घायल बच्चे से मुलाकात करते सांसद विनोद सोनकर।

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** बानेमऊ गांव के प्राथमिक विद्यालय का गेट गिरने से दबकर मरी कक्षा तीन की छात्रा के परिजनों से गुरुवार को कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर ने मिलकर हर सम्भव मदद का आश्वासन देते हुए दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करने के साथ ही परिवार को आर्थिक सहायता हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा।

बता दें कि गुरुवार को कौशाम्बी सांसद/सभापति संसदीय आचार समिति लोकसभा/राष्ट्रीय सचिव भाजपा एवं प्रभारी त्रिपुरा राज्य अपरान्ह पौने एक बजे पर बानेमऊ गांव पहुंच कर मृतक छात्रा वंदना के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। परिवार को हर सम्भव मदद का आश्वासन देते हुए आर्थिक सहायता हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा। बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी कुन्डा से कुन्डा क्षेत्र के सभी प्राथमिक विद्यालयों की जांच कर एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के साथ ही बानेमऊ की घटना पर मजिस्ट्रेट जांच के लिये जिलाधिकारी को आदेश दिया। इसके बाद मिरिया सलेमपुर निवासी राम नरेश सरोज की पत्नी निर्मला देवी व अखिलेश यादव की पत्नी वंदना यादव की मौत पर शोक जताया। करेंटी गांव के पवन गुप्ता के पिता के निधन पर शोक व्यक्त किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी सतीश चंद्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी कुन्डा अजीत सिंह, कुन्डा कोतवाल प्रदीप कुमार, मानिकपुर थानाध्यक्ष मनीष पाण्डेय, थानाध्यक्ष हथिगवां सन्तोष सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, अखिलेश द्विवेदी, अभय प्रताप सिंह पप्पन, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

### बानेमऊ स्कूल हादसे में हेडमास्टर को बीएसए ने किया निलंबित

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कुंडा तहसील के प्राइमरी स्कूल बानेमऊ में बुधवार की सुबह स्कूल की बाउंड्री में लगा लोहे का गेट सीमेंट का खम्भा सहित गेट पकड़ कर झूल रही बानेमऊ गांव निवासी वन्दना सरोज (8) वर्षीय की मौके पर मौत और दो बच्चों के घायल हो जाने पर घटना को गम्भीरता से लेते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने दोषी पाए जाने पर प्रभारी इंचार्ज को निलंबित कर दिया। घटना के दूसरे दिन मृतक वन्दना के पिता अशोक कुमार चढ़ीगढ़ से घर पहुंचे और गुरुवार को कुंडा कोतवाली में घटना की तहरीर में स्कूल प्रबंध समिति समेत तत्कालीन ग्राम प्रधान के खिलाफ दिया। घटना के बाद मामले में राजनीति शुरू होने लगी है। कुण्डा ब्लाक प्रमुख संतोष सिंह पीड़ित के घर पहुँचकर परिजनों को आश्वासन दिया कि घटना में दोषी व्यक्ति बख्शे नही जाएंगे। मासूम वन्दना की मौत से जनसत्तादल परिवार की पूरी सवेदना है, हर संभव मदद करेगी।

## बाइक की टक्कर से पिकअप चालक हुआ घायल, गंभीर दशा में मेडिकल कालेज रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पिकअप सवार चालक बाजार में पिकअप खड़ी करके सामान खरीदने जा रहा था , तभी एक बाइक सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया जिससे चालक सड़क के किनारे घायल होकर तड़पने लगा। मौजूद लोगों ने बाइक सवार को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया वही घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाबा बेलखरनाथ धाम ले गए जहां पर उसकी गंभीर दशा को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। पट्टी तहसील क्षेत्र के कंधई थाना अंतर्गत मदन लाल विश्वकर्मा (35) पुत्र जीतलाल पयागपुर औरिश्ता गांव के रमेश सिंह की पिकअप चलाता है।

पिकअप चलाकर ही वह अपने परिवार की रोजी-रोटी की व्यवस्था करता है। वह बुधवार की रात आठ बजे पिकअप लेकर पट्टी प्रतापगढ़ मार्ग पर रखहा बाजार के पास सब्जी खरीदने के लिए उतरा, और पैदल ही दुकान पर जा रहा था। तभी प्रतापगढ़ की तरफ से आ रहे एक बाइक सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया जिससे उछलकर सड़क किनारे दूर जा गिरा उसके हाथ पैर और सिर में गंभीर चोट आई। वही बाइक सवार भी दूर जाकर गिरा । मौजूद लोगों ने घायल को उठाकर डायल 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा और परिजनों को सूचित किया वही परिजनों के आने पर डॉक्टरों ने उसकी गंभीर देखते हुए उसे मेडिकल कालेज के लिए भेज दिया। बाइक सवार को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### एलायंस क्लब ने पशु पक्षियों के संरक्षण के लिए बांटे मिट्टी के बर्तन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ द्वारा चलाए जा रहे पशु पक्षियों को भीषण गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए मिट्टी के बर्तन बाटने का अभियान निरंतर जारी है। अभियान के क्रम में आज भी क्लब के पदाधिकारियों ने मिट्टी के बर्तन बाटकर पशु पक्षियों को दाना पानी की व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया। क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने आज भी श्रीराम तिराहा, सदर बाजार, चैक में पशु पक्षियों के संरक्षण के लिए मिट्टी के बर्तन बांटे। इस अवसर पर अर्चना खंडेलवाल, सुधा खंडेलवाल, प्रियंका पांडे, ज्योति खंडेलवाल, सुमित खंडेलवाल, शिवम, अनूप सिंह पूनम गुप्ता, रेखा उमरवैश्य, छेदीलाल, संतोष कुमार, देवानंद, आदर्श कुमार आदि रहे।

### छप्पर से असंतुलित हुआ वृद्ध, मौत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** छप्पर की मरम्मत कर रहे वृद्ध की गिरने से दर्दनाक मौत हो गयी। पुलिस ने बुधवार की देर शाम मृतक का शव पीएम के लिए भेजवाया। लालगंज कोतवाली के भदारी कला निवासी पेंचूलाल के पुत्र रामफेर 65 बुधवार को छप्पर की मरम्मत कर रहा था। अचानक वह संतुलन खो बैठा और नीचे गिर गया। चुटहिल पेंचूलाल को परिजन आननफानन मे स्थानीय ट्रामा सेंटर इलाज के लिए ले आये। यहां इलाज के दौरान देर शाम उसकी सांसे थम गयी। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ट्रामा सेंटर पहुंची और शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। वृद्ध की मौत से गुरूवार को भी परिजनों मे मातम देखा गया।

## बीजेपी नेता समेत 6 लोग रेल नियम उल्लंघन में पकड़े गए

**बंद फाटक पार करते आरपीएफ ने किया चालान बाइक को कब्जे में लेकर थाने पर लाई पुलिस ने जमानत पर छोड़ा**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बंद रेलवे फाटक को नीचे से पार कर रहे छः लोगों को नियम के उल्लंघन का दोषी ठहराते हुए रेलवे सुरक्षा बल ने उनके खिलाफ ट्रैक पास नियम के तहत चालान किया है। रेलवे एक्ट के उल्लंघन में पकड़कर थाने लाए गए आरोपियों में बीजेपी, बजरंग दल के नेता और रेल स्टाफ के करीबी हैं। छुड़ाने के लिए लोगों का थाने पर मजमा लगा रहा। थाने पर सभी को जमानत पर छोड़ दिया गया है। आगे की कार्रवाई कोर्ट तय करेगी।

गुरूवार को सुबह इंस्पेक्टर आरपीएफ सीपी मिश्रा, उप निरीक्षक मंजीत डबास, संजय राय मय फोर्स जेल रोड रेलवे क्रॉसिंग 82 नंबर गेट पर खड़े थे। पद्मावत एक्सप्रेस के लिए गेट बंद था। इसके बाद भी लोग धड़ल्ले से बाइक को गेट के नीचे से पार कर रहे थे। उन्हें खाकी का भी भय नहीं था। एक की बाइक सिगनल के कांटे में फंस गई थी। जो लोग गेट के अंदर घुस गए थे। आरपीएफ ने उन सभी को पकड़ लिया। थाने पर परिजनों से लिखा पढ़ी के बाद जमानत पर छोड़ दिया गया। हिदायत दी गई कि अगर दुबारा नियम उल्लंघन के दोषी मिले तो सख्त कार्रवाई होगी। खास बात यह है कि गेट पार करने के उल्लंघन में पकड़े गए लोगों का दोष तो है ही। उनको रास्ता देने वाले रेलवे के जिम्मेदार अधिकारियों का भी दोष कम नहीं हैं। फाटक चारों तरफ से खुला है। केबिन के पीछे, गेट के दाएं बाएं और सामने से लोगों ने अवैध रास्ता बना लिया है। जिसको बंद नहीं किया गया है। फायदा उठाकर लोग बेहिचक बंद गेट पार कर लेते है। इस वजह से कई हादसे भी हो चुके हैं। जिसमें जान जा चुकी है। इसके बाद भी लोग जागरूक नहीं हो रहे हैं। रास्ते को बंद हादसा रोकने के लिए रेलवे कोई कदम भी नहीं उठा रही है।

## बाबागंज में जेसीबी लगाकर विरोध के बावजूद हटाया गया अतिक्रमण

### नाले-नालियों पर ठेले व गुमटी वालों ने कर रखा है अतिक्रमण, सफाई में होती है परेशानी



नाले पर हुए अतिक्रमण को हटाते सफाई कर्मी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर में सड़क के किनारे बने नाले-नालियों पर ठेला-गुमटी रखकर अतिक्रमण करने से नाले-नालियों की सफाई में दिक्कत आ रही है और सफाई कर्मचारियों को कभी-कभी विरोध भी झेलना पड़ रहा है।

गुरुवार को प्रातः नाले-नालियों की सफाई को निकले नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों को बाबागंज में दयाल स्टोर के पास नाले-नालियों का अतिक्रमण हटाते समय सफाई कर्मचारियों को विरोध झेलना पड़ा। सूचना पाने पर पहुंचे स्वच्छ भारत मिशन के डीपीएम वरुण कुमार सिंह व सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह बाबागंज पहुंचे और जेसीबी लगाकर अतिक्रमण को हटवा दिया, तब जाकर नाले-नालियों की सफाई हो पाई।

नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने वर्षा से पूर्व नगर के सभी नाले-नालियों की सफाई के निर्देश दिये हैं जिसके तहत नगर पालिका कर्मी रोज प्रातः साढे. चार बजे से सफाई कार्य में जुट जा रहे हैं। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी की वजह से सुबह अच्छा और ज्यादा कार्य होता है, इसलिये नगर पालिका सफाई कर्मचारियों को प्रातः साढे. चार बजे ही निकाल दे रही है।

### 20 आवारा पशुओं को भेजा गया गोशाला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका ने पूरे ईश्वरनाथ के पास घूम रहे 20 आवारा पशुओं को पकड़कर गाड़ी से इन सभी आवारा पशुओं को गोशाला भेजा गया। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने बताया कि आवारा पशुओं के सड़कों पर घूमने से यातायात प्रभावित होता है। इसके अलावा दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है, इसलिये आवारा पशुओं को न छोड़ा जाए।



एमडीपीजी कालेज में आयोजित बैठक में बैठे प्राचार्य।

## भीषण गर्मी में तीन पाली में परीक्षा कराना प्राचार्यों के लिये बनी मुसीबत

**विश्वविद्यालय प्रयागराज तीन-तीन पालियों में करा रहा परीक्षा**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भीषण गर्मी में तथा पहली बार तीन पाली में होने वाली प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज की वार्षिक परीक्षाओं के लिए महाविद्यालयों के प्राचार्य खासे परेशान हैं। स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों की बात तो दूर अधिकांश राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों में भी शिक्षकों की भारी कमी है ऐसे में तीन पाली में विश्वविद्यालयीय परीक्षा को संपन्न कराना महाविद्यालयों के प्राचार्यों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। महाविद्यालयों के प्राचार्य बृहस्पतिवार से होने वाली वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी में आज देर शाम तक व्यस्त रहे। एमडीपीजी कॉलेज में विश्वविद्यालयीय परीक्षा की तैयारियों के लिए प्राचार्य ने शिक्षकों के साथ आज एक बैठक की। प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने कहा कि सभी कक्ष निरीक्षकों को परीक्षा से आधे घंटे पूर्व प्रत्येक दशा में परिसर में उपस्थित होना होगा। निरीक्षण के दौरान यदि कोई कक्ष निरीक्षक कक्ष से बाहर टहलता पाया जायेगा तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जाएगी। परीक्षा के दौरान किसी भी शिक्षक को कोई भी अवकाश देय नहीं होगा। परीक्षा संपन्न कराने के लिए दो कमेटियां बनाई गई हैं।महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडेय ने बताया कि तीन पाली में होने वाली परीक्षा के लिए सभी शिक्षकों का कम से कम दो पालियों में परीक्षा ड्यूटी करना अनिवार्य किया गया है। बैठक में डॉ अरविंद मिश्र, डॉ प्रदीप कुमार सिंह,डॉ सी एन पांडेय,डॉ माया शंकर कौशल, डॉ देवेंद्र कुमार पांडे, डॉ अरुण कुमार श्रीवास्तव, डॉ अरुण कुमार तिवारी, डॉ पीयूष कांत शर्मा, डॉ बलराज मिश्र,डॉ राजेंद्र प्रसाद मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## 210 छात्र-छात्राओं ने कला प्रतियोगिता में दिखाए अपने हुन

### चिल्ड्रेन पैराडाइज स्कूल सोसाइटी ने आयोजित किया कार्यक्रम



प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देते प्रधानाचार्य।

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** चिल्ड्रेन पैराडाइज स्कूल सोसायटी द्वारा रामकृपाल मिश्र इंटरमीडिएट कॉलेज में गुरुवार को कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें करीब 210 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।क्षेत्र स्थित रामकृपाल मिश्र इंटरमीडिएट कॉलेज सगरासुंदरपुर में कला प्रतियोगिता समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

आयोजन को 3 वर्गो में किया गया। सीनियर वर्ग, जूनियर वर्ग,प्राथमिक वर्ग सभी वर्गों में छात्र छात्राओं ने अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन कर सफलता हासिल की। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर श्रध्दा सरोज,तनु, रागिनी रजक, द्वितीय स्थान पर अनुस्का तिवारी, अनामिका धुरिया,तृतीय स्थान पर कोमल गौतम,नन्दनी धुरिया छात्र-छात्राएं सफल रहे। वहीं जूनियर वर्ग में प्रथम स्थानपर शालिनी राव, द्वितीय स्थान पर क्षमा मिश्र,तृतीय स्थान पर श्रष्टि तिवारी, मिनान्शू कुशवाहा ने सफलता हासिल की। प्राथमिक वर्ग में भी आरोही बौद्ध, अब्दुल अहद,निकिता सरोज ने प्रथम स्थान हासिल किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी कला का बखूबी प्रदर्शन किया जिसमें द्वितीय स्थान पर सात्विक मौर्य, आस्था गुप्ता, मन्थन दुबे, शिल्पा कोरी,तथा तृतीय स्थान पर राज वर्मा, शिविका यादव,स्वास्तिका त्रिपाठी ने सफलता अर्जित की। आदर्श सरोज,श्रैया,आर्यन वर्मा, प्रतीक, जिया मिश्रा, शनी मौर्या, समर गुप्ता, हिमांशी, शिवा,अवन्तिका सरोज,को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कला प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले सभी छात्र छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास मिश्र ने संस्था की ओर से प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पुरस्कार पाकर छात्र-छात्राएं प्रसन्न से झूम उठे। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन चतुर्भुज मिश्रा व संयोजन ध्रुव नारायण मिश्र ने किया। पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर राम प्रसाद वर्मा, किरण ओझा, संजू त्रिपाठी, अंकुर सिंह, देवांशु मिश्रा, आशुतोष त्रिपाठी, शमशाद खान, सरफराज खान, सरोज सिंह, राधा मिश्रा, शिखा पांडे, देवयानी यादव, साबरीन बानो, सीमा गुप्ता, नफीसा बानो, अफसाना हाशमी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### गुरुद्वारा में स्त्री सत्संग द्वारा सिख इतिहास की दी गई जानकारी

**प्रतापगढ़।** श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा पंजाबी कॉलोनी में स्त्री सत्संग द्वारा संगम स्कूल से आए हुए लगभग 200 बच्चों और वाइस प्रिंसिपल कुसुम तिवारी सहित कई टीचरों का स्वागत किया गया। इस सभा में स्त्री सत्संग की प्रधान सतनाम कौर भवन जीत कौर कमलजीत कौर और व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष कुलदीप सिंह उपाध्यक्ष रमनदीप सिंह प्रभारी अर्पित खंडेलवाल और महामंत्री श्रवण कुमार मखीजा और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान कुलदीप सिंह इत्यादि लोग उपस्थित थे, जिसमें ज्ञानी मनोहर सिंह ने कार्यक्रम को संचालित किया।

## विद्यालय भवन की सुरक्षा का कराएं आडिट: जिलाधिकारी

**जनपद स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न**



अनुश्रवण समिति की बैठक में बोलते जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्टेज्ट सभागार में जनपद स्तरीय अनुश्रवण समिति एवं मिड-डे-मील टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रोजेक्टर के माध्यम यू-डायस पोर्टल पर विद्यालयों के आधारभूत सुविधाओं का डेटा निर्धारित समयावधि के अन्दर फीड करने के सम्बन्ध में निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में विद्युतीकरण, फर्नीचर, हैण्डपम्प, बाउण्ड्रीवाल एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के शत प्रतिशत सत्यापन कराये जाने का निर्देश दिया। उन्होने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी निर्देशित किया कि 20 मई से विद्यालय बन्द हो रहे है, एक माह में अभियान चलाकर प्राथमिक विद्यालय में आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं विद्यालय भवन की सुरक्षा का आडिट कराया जाये जिसमें ग्राम्य विकास विभाग, पीडब्लूडी एवं आरईएस के अवर अभियन्ताओं का सहयोग प्राप्त किया जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि किसी भी विद्यालय की छत के ऊपर यदि बिजली का तार लटक रहा है तो ऐसे विद्यालयों की सूची उपलब्ध करायी जाये ताकि बिजली विभाग से ऐसे बिजली के तारों को अन्यत्र शिफ्ट कराया जा सके। जिलाधिकारी ने इस बात पर रोष व्यक्त किया कि अभी तक सभी विद्यालयों में पेयजल एवं शौचालय की मूलभूत सुविधायें उपलब्ध नही हो सके। उन्होने ऐसे विद्यालयों की सूची 10 दिनों के अन्दर बनाकर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

### डीएम ने पांच व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस को किया निरस्त

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद के शस्त्र लाइसेंसी जो आपराधिक क्रियाकलाप में लिप्त होने एवं शस्त्र अनुज्ञा-पत्र की शर्तो का उल्लंघन करने के दोषी पाये गये 05 व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस को जिला मजिस्टेज्ट डा0 नितिन बंसल ने निरस्त कर दिया है। उन्होने थाना महेशगंज अन्तर्गत ग्राम कांटेजीत के शिव कुमार पाण्डेय उर्फ झल्लर पुत्र जगदीश प्रसाद पाण्डेय के शस्त्र डीबीबीएल गन, थाना कोतवाली नगर अन्तर्गत अजीत नगर के अनिल कुमार शुक्ला पुत्र गंगा प्रसाद के रिवाल्वर, थाना कुण्डा अन्तर्गत ग्राम बसवाही के सालवेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र कृष्ण प्रताप सिंह के डीबीबीएल गन, थाना नवाबगंज अन्तर्गत ग्राम परियांवा के मुस्तकीम पुत्र कमाल अहमद के डीबीबीएल गन तथा थाना मानधाता अन्तर्गत ग्राम परसरामपुर के रियाजुद्दीन पुत्र मसलन्द के डीबीबीएल गन को निरस्त कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### गजब! एक मां की दो संतानों ने 4 माह के अंतराल में लिया जन्म

**कौशाम्बी।** प्रकृति के नियम और स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों की धज्जियां उड़ाते हुए एक मां की दो संतान ने 4 माह के अंतराल में जन्म लिया है इस बात का उल्लेख उत्तर प्रदेश शिक्षा बोर्ड के अभिलेखों में दर्ज है 4 माह के अंतराल में दो संतानों के जन्म लेने का यह मामला बेहद गंभीर है और इस मामले में शोध और जांच कराए जाने की आवश्यकता है। सिराथू तहसील क्षेत्र के सायरा मीठेपुर गांव निवासी श्री राम पुत्र शिवपाल रेलवे में नौकरी करते हैं उनके दो पुत्र यूपी बोर्ड की परीक्षा में सम्मलित हुए और उनके दोनों पुत्रों के यूपी बोर्ड में दिखाए गए जन्म तिथि में 4 महीने का अंतर है अब सवाल उठता है कि एक पिता की दो संतान 4 महीने के अंतराल में कैसे जन्म ले लिया है मां के गर्भ धारण करने से जन्म लेने का 9 माह का समय बताने वाले स्वास्थ्य विभाग के व्यवस्था पर यह करारा तमाचा है स्वास्थ्य व्यवस्था द्वारा 9 माह की बात करने पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं इस मामले में आला अधिकारियों ने जांच कराई तो चौकाने वाले परिणाम सामने होंगे मामले को लेकर लोगों ने अधिकारियों से शिकायत किया है।

# लाठियों से पीट-पीटकर महिला को उतारा मौत के घाट

## पिता ने अपने बेटे और पोतों के साथ हत्या की घटना को दिया अंजाम
## हमले में कई अन्य लोग भी हुए लहूलुहान, 26 मई को बेटी की शादी की तैयारी में लगे परिवार के सामने टूट पड़ा दुख का पहाड़

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव में गुरुवार की सुबह होते ही खून खराबा होने लगा देखते-देखते एक महिला को लाठियों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया गया इस हमले में महिला के बचाव करने पहुंचे कई अन्य लोग भी घायल हैं जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस पहुँची और मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव निवासी रमापति उम्र 65 वर्ष पत्नी रामा नन्द कोरी गुरुवार की सुबह जैसे ही नींद से जागी और घर के बाहर निकली पहले से घात लगाए बर्फी लाल उसके बेटे और पोतों सहित आधा दर्जन लोगों ने महिला रमापति पर लाठियों से हमला बोल दिया महिला की चीख पुकार सुनकर गांव के लोग घरों से बाहर निकल आए लेकिन हमलावरों के रौद्ररूप देख कर बीच-बचाव करने का साहस ग्रामीण नहीं कर सके बेखौफ हमलावरों ने लाठियों से पीट-पीट महिला को मौत के घाट उतार दिया महिला की हत्या की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और घटनास्थल पर आक्रोश को शांत करने के लिए यह कहकर महिला के शव को अस्पताल भेज दिया कि महिला जीवित है लेकिन चिकित्सकों ने महिला के मौत की पुष्टि कर दी पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हमलावरों की खोज में पुलिस लगी है बताते चलें कि मृतक महिला रमापति की लड़की की शादी 26 मई को होनी है पड़ोसी मिथलेश इन्द्रेश, पुत्र बर्फी लाल बा बर्फी लाल पुत्र चंदन फूल चन्द पुत्र इन्द्रेश ने लाठियों से पीट पीट कर महिला को मौत के घाट उतार दिया।




महिला की हत्या के बाद घटनास्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़

# 30 मई तक पूर्ण करें शौचालय निर्माण : सीडीओ

## सीडीओ की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश



शौचालय योजना की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते सीडीओ

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की बैठक संम्पन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2021-22 में विभिन्न मदों के अन्तर्गत जनपद स्तर पर उपलब्ध रहीं धनराशि तथा वित्तीय वर्ष 2022-23 में विगत वर्ष की अवशेष धनराशि से कराये गये कार्यों पर समिति द्वारा विचार-विमर्श कर अनुमोदन किया गया। बैठक में बताया गया कि एन0ओ0एल0बी0 के अन्तर्गत 148 शौचालयों का निर्माण कराया गया, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी 148 शौचालयों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये, जिससे सत्यापन कराया जा सकें। मुख्य विकास अधिकारी ने डी0पी0आर0ओ0 को वित्तीय वर्ष 2021-22 में बनाये गये सभी शौचालयां का शासनादेश के अनुसार थर्ड पार्टी से निरीक्षण कराकर आगामी बैठक में पूर्व आख्या उपलब्ध कराने तथा आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अवशेष रह गये सभी शौचालयां का निर्माण कार्य 30 मई तक अवश्य पूर्ण करा लिये जाय।

मुख्य विकास अधिकारी ने डी0पी0आर0ओ0 को निर्देश दिये कि सतत निगरानी करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप 100 दिन के अन्तर्गत कराये जा रहें कार्यों को 30 जून तक अवश्य पूर्ण करा लिये जाय। उन्होंने डी0पी0आर0ओ0 से कहा कि जिन पंचायत भवनों का निर्माण भूमि उपलब्ध न होने के कारण नहीं हो पा रहा है, इसके लिए सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से समन्वय कर भूमि चिन्हित कर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जाय तथा निर्मित हो चुके पंचायत भवनों में 30 मई तक ग्राम सचिवालय क्रियाशील कर दिये जाय मुख्य विकास अधिकारी ने डी0पी0आर0ओ0 से कहा कि गंगा एक्शन प्लॉन के तहत जनपद में गंगा नदी के किनारे स्थित 31 गांवो में अगर नाली/गंदे पानी का प्रवाह गंगा नदी में हो रहा है तो ग्राम प्रधान एवं सचिव, ग्राम पंचायत के माध्यम से गंदे पानी को गंगा नदी में जाने से रोकने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाय तथा सभी 31 ग्रामों में वाल राइटिंग एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन जागरूकता किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने डी0पी0आर0ओ0 से कहा कि जिला कृषि अधिकारी के माध्यम से गांवो के लोगों को जैविक खेती के प्रति प्रोत्साहित किया जाय तथा डी0एफ0ओ0 के माध्यम से वृक्षारोपण का कार्य कराया जाय।बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 के0सी0 राय, परियोजना निदेशक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं जन समुदायगण उपस्थित रहें।

# सचिवालय से सामान लेकर फरार हुआ पंचायत सहायक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर गांव-गांव मिनी सचिवालय सक्रिय करने के निर्देश के बाद नेवादा विकास खण्ड के गाम सभा दरहा में पौने दो लाख कीमत का फर्नीचर कंप्यूटर आदि सामान सरकारी बजट से खरीदा गया ग्राम पंचायत दरहा का मिनी सचिवालय चालू करने का प्रयास किया गया जिससे ग्रामीणों को सहज जन सेवा केंद्र ना जाना पड़े और पंचायत में उन्हें सारे सरकारी अभिलेख ऑनलाइन मिल जाएं लेकिन पंचायत सहायक सामान लेकर फरार हो गया है सचिवालय में कोई भी सामान मौजूद नहीं है ग्रामीणों ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई है।

प्रत्येक ग्राम पचायतं की तरह दरहा गांव में भी पचांयत सहायक की नियुक्त है और सराकर हर महीने वेतन भी देती है लेकिन आज तक न मिनी सचिवालय पूरी तरह से चालू हो सका और न ही पचांयत सहायक का कोई पता है गांव के लोगों ने शासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि 1 लाख 75 हजार रुपये का समान लेकर पचायतं सहायक कहां गायब रहता है यह ब्लाक के अधिकारी ही बता सकते है पचांयत सहायक काम करना नही चाहता या किसी अधिकारी की मिली भगत से वह बिना ड्यूटी वेतन लेकर वह मौज कर रहा है गांव के लोग जन सेवा केंद्र पर जाकर पंचायत से संबंधित अपना काम करवाने को विवश है मिनी सचिवालय के नाम पर खरीदे गए सामान के अचानक गायब हो जाने के मामले में ग्रामीणों ने अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# सीएम के आदेश के विपरीत क्यों काम करने में उतावले हैं अधिकारी

## अवैध वाहनों के संचालन पर रोक लगाने के सीएम के निर्देश के बाद अवैध वाहनों को स्थापित करने के लिए सरकारी नुमाइंदा बना रहा पार्किंग स्थल

अखंड भारत संदेश




अवैध बसों के लिए बनाया जा रहा पार्किंग स्थल

**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री के तमाम गंभीर निर्देश के बाद भी उनके आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए सरकारी नुमाइंदा काम करने में अपनी ऊर्जा लगा रहा है आखिर मुख्यमंत्री के आदेश के विरुद्ध काम करने वाले अधिकारियों को किसका संरक्षण मिला है जिससे सीएम के विपरीत काम करने वाले अधिकारी अपने को ऊजार्वान समझते हैं यह जनता के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है लेकिन जिस तरह से मुख्यमंत्री के आदेशों की खुलेआम अवहेलना कौशाम्बी में हो रही है यह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए बेहतर नहीं है।

गौरतलब है कि जनपद मुख्यालय मंझनपुर से 3 दर्जन अवैध डग्गामार बस सात थाना क्षेत्र से होकर प्रतिदिन प्रयागराज तक संचालित हो रही है इन बसों के पास सड़को पर चलने का परमिट नहीं है मंझनपुर से इलाहाबाद वाया मूरतगंज की सड़क पर प्राइवेट बसों के संचालन पर सरकार ने रोक लगाई है लेकिन अवैध बसों के संचालन पर एआरटीओ थाना पुलिस यातायात पुलिस पूरी तरह से मेहरबानी बनाए हुए हैं मामले की शिकायत योगी सरकार से हुई जिसपर अवैध बसों के संचालन को योगी सरकार ने गंभीरता से लिया और अपर मुख्य सचिव ने अवैध बसों के संचालन पर रोक लगाने का निर्देश दिया 3 दिनों तक अवैध बसों का संचालन लुकाछिपी होता रहा फिर मुख्य चौराहे से खुलेआम अवैध बसों का संचालन फिर शुरू हो गया तीन दर्जन अवैध बसे सवारियां भरकर जनपद मुख्यालय मंझनपुर से अधिकारियों की मौजूदगी के बाद सात थाना क्षेत्र से होकर प्रतिदिन प्रयागराज पहुंचने लगी लेकिन अधिकारी अनजान बनने का ढोंग करते रहे इसी बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अवैध बसों के संचालन पर पूरी तरह से रोक लगाने का सख्त निर्देश दिया लेकिन योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद अवैध बसों को सीज कर उनके संचालन पर पूर्ण रोक लगाकर चालक और वाहन स्वामी पर मुकदमा दर्ज कराते हुए उनकी गिरफ्तारी कराने के बजाय सरकारी नुमाइंदे उनके संचालन में ऊर्जा लगाने में लगे है। नगर पालिका मंझनपुर ने अवैध बसों के संचालन के लिए मंझनपुर कोतवाली के ठीक सामने सरकारी भूमि पर अवैध बस स्टैंड पार्किंग बना दिया है और अवैध बसे पूरे दिन अधिकारियों के सामने मंझनपुर चौराहे पर बनाए गए पार्किंग स्थल से सवारियां लेकर फरार्टा भरेंगी नगर पालिका द्वारा बनाए जा रहे पार्किंग स्थल वाहन स्टैंड की हकीकत देखने मौके पर डीएम भी पहुंचे और अवैध तरीके से अवैध बसों के संचालन के लिए बनाए जा रहे पार्किंग स्थल पर रोक लगाने के निर्देश डीएम ने नहीं दिया मौके पर एसडीएम क्षेत्राधिकारी और कोतवाल भी मौजूद रहे नगरपालिका के अधिकारियों के निर्देश पर पार्किंग स्थल आनन-फानन में तैयार किया जा रहा है नगरपालिका की जेसीबी मशीन लगाकर पार्किंग स्थल समतल कराया जा रहा है सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए जहां से अवैध बसों का संचालन होगा अब सवाल उठता है कि अवैध वाहनों के संचालन पर मुख्यमंत्री ने पूरी तरह से रोक लगाने का निर्देश दिया है तो फिर तीन दर्जन अवैध बसों के संचालक पर सरकारी नुमाइंदा ऊर्जा क्यों लगा रहा है यह बड़ी जांच का विषय है और अवैध बसों के संचालन पर ऊर्जा लगाने वाले अधिकारियों के कारनामों पर जांच हुई तो कई अधिकारियों के चेहरे बेनकाब होंगे।

# अदालत से मृतक घोषित मुलजिम पुलिस को पिला रहा चाय

## वर्षो बीते अदालत से मृतक के जीवित होने के मामले की पुलिस महकमा नही पूरी कर सका जांच

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के एक अभियुक्त को अदालत से मृतक घोषित होने के बाद उसके गुनाहों की पत्रावली बंद हो गई और अदालत से मृतक अभियुक्त पश्चिम थाने के सामने बीते 10 वर्षों से चाय बेचकर पुलिसकर्मियों को चाय पिला रहा है थाने के अंदर मृतक ब्यक्ति द्वारा चाय पिलाए जाने के मामले में पुलिस अनजान है या जानबूझकर वह नही बोल रही है यह विभाग के लिए बड़ी जांच का विषय है कई वर्षों पूर्व आरोपी को पश्चिम शरीरा पुलिस ने तमंचा बेचने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा था मामले में पश्चिम शरीरा थाना में अवैध तमंचा के संबंध में आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज है तमंचा बरामदगी के बाद आरोपी जेल भी गया था और जमानत पर छूटने के बाद अदालत में पुलिस ने उसके मृतक की रिपोर्ट भेज दी जिस पर अदालत से तमंचा के आरोपी की पत्रावली बंद कर दी अदालत से मुकदमे की पत्रावली बंद होने के बाद मृतक व्यक्ति पश्चिम शरीरा थाने के सामने चाय बेचते लगा मामले की पूर्व में भी अधिकारियों से शिकायत हुई जिस पर इस मामले में पुलिस अधिकारियों ने कहा था कि जांच कराई जा रही है आरोपी को जेल भेजा जाएगा अदालत से मृतक घोषित हुए व्यक्ति के जिंदा दिखाई पड़ने के मामले की जांच के संबंध में कई महीने बीत जाने के बाद रत्ती भर पुलिस आगे नहीं बढ़ सकी है।

## न्यूज झरोखा

### दुर्गा देवी इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के आयोजन के सम्बंध में बैठक



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी के निर्देश पर दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के सम्बंध में जनपद के समस्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य/मास्टर ट्रेनर शिक्षकों की आवश्यक बैठक आयोजित हुई तथा प्रशिक्षण उन्मुखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम संतोष कुमार मिश्र जिला विद्यालय निरीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित किया गया सड़क सुरक्षा सप्ताह के बैठक में 123 प्रधानाचार्य तथा 248 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया जिन्हें सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया बैठक को प्रमुख रूप से तारकेश्वर मल्ल सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, शिवम पाण्डेय प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज ओसा ने संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन चंद्र भूषण पाण्डेय ने किया बैठक मे चुन्नी लाल प्रधानाचार्य ओसा,ज्ञान सिंह, अनिल कुमार, नीलम,डा0 अनामिका विद्यार्थी, संतोष कुमार मिश्र, प्रदीप कुमार, सुशील कुमार सहित जनपद के बहुसंख्य प्रधानाचार्य तथा शिक्षक उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत स्कूली बच्चों द्वारा निकाली गई रैली



**भरवारी कौशाम्बी।** सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय कशिया पूर्व के समस्त स्टाफ के द्वारा बच्चों की रैली निकाली गई रैली के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री कमलेश साहू रहे मुख्य अतिथि कमलेश साहू ने सड़क सुरक्षा अभियान की रैली को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया स्कूल के बच्चे रैली के माध्यम से सड़क सुरक्षा की जानकारी दे रहे थे स्कूल से निकाली गई रैली गांव नगर क्षेत्र में घूमी इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश नारायण मिश्रा एवं समस्त कार्यालय स्टाफ आलोक द्विवेदी राजकुमार चौरसिया कृष्ण प्रताप सिंह गिरिधर दुबे श्यामल सिंह एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ श्रीमती अनुराधा वर्मा (प्रधानाध्यापक) फिरदौस फातमा अमित कुमार सिंह श्रीमती अंकिता श्रीवास्तव कुलदीप सिंह श्रीमती अर्चना भारती आदि उपस्थित रही।

### हेल्थ वैलनेस सेंटर में हुआ ट्रिपल ए बैठक का आयोजन




**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा के अधीक्षक डॉ नीरज सिंह के निर्देशन में हेल्थ वैलनेस सेंटर सौरई बुजुर्ग में ट्रिपल ए की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सी एच ओ श्रीमती अनुराधा देवी ,एएनएम स्नेह लता,आशा बहुओं और आंगनबाड़ियों ने प्रतिभाग किया इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग में चल रहे कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की गई आशाओं और आंगनबाड़ियों की टीकाकरण सत्र की ड्यू लिस्ट को अपडेट किया गया , वर्तमान में चल रहा सुरक्षित मातृत्व अभियान और एमडीए कार्यक्रम के बारे में आवश्यक निर्देश दिए ,समय से रिपोर्ट उपलब्ध कराते हुए फीडिंग कराई जाए इस बैठक का पर्यवेक्षण ब्लॉक के बीपीएम श्री प्रदीप सिंह और यूनिसेफ की बीएमसी हिना खान के द्वारा किया गया । साथ ही साथ आरसीएच रजिस्टर पूरा करके फीडिंग के लिए ब्लॉक ऑपरेटर रवि पांडे को समय से उपलब्ध कराने के लिए कहा गया श्री प्रदीप सिंह ने नसबंदी कैंप में लाभार्थियों को लाकर सेवा प्रदान करने के लिए आशाओं को निर्देशित किया। श्रीमती अनुराधा देवी सी एच ओ ने आशाओं को सीबैक फॉर्म भरकर फीडिंग के लिए उपलब्ध कराने के लिए कहा और एनसीडी कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दें जिससे कि ब्लड प्रेशर, शुगर ,कैंसर जैसी बीमारियों को चिन्हित कर के उपचार कराया जा सके। सी एच ओ के द्वारा सभी की आभा आईडी बनाई गई और लाभार्थियों को लाकर ईसंजीवनी के द्वारा सेवा प्रदान करने के लिए बताया गया ।सभी आशाओं को निर्देशित किया गया कि संस्थागत प्रसव शत-प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें और एचबीएनसी भ्रमण समय से पूरा किया जाए।

### संस्कृत विद्यालय के बच्चों को बांटे गए अंग वस्त्र



**कौशाम्बी।** दुर्गा देवी संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंझनपुर में नए बच्चों के प्रवेश के अवसर पर एसडीएम मंझनपुर प्रखर उत्तम ने बच्चों को अंग वस्त्र बाटे है स्कूल में पढ़ने वाले संस्कृत बच्चों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया है शासन के निर्देश पर स्कूली बच्चों को वस्त्र दिए गए हैं इस मौके पर प्रधानाचार्य दिवाकर मिश्रा पूर्व प्रधानाचार्य रविंद्र नाथ त्रिपाठी एवं अध्यापक गण मौजूद रहे।

# अदालत ने तलब किया ग्राम पंचायत का अकाउंट विवरण

## मनरेगा योजना के अंतर्गत ऑनलाइन मजदूरी का भुगतान किए जाने के मामले में हेरा फेरी का अदालत में दर्ज हुआ परिवाद

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मनरेगा योजना के अंतर्गत मजदूरों को रोजगार देने के नाम पर जिम्मेदारों द्वारा बड़े पैमाने पर हेराफेरी किए जाने का मामला आए दिन सुर्खियों में रहता है लेकिन मजदूरों की मजदूरी में हेरा फेरी किए जाने के इस मामले में आला अधिकारी गंभीर नहीं होते जिससे मनरेगा मजदूरों को काम करने के बाद भी मजदूरी नहीं मिल पाती है और पंचायत सचिव मजदूरों की मजदूरी में हेराफेरी कर दूसरे के बैंक खाते में भुगतान करा कर मजदूरी के रकम निकाल लेते हैं जिले में आए दिन ऐसा मामला सुर्खियों में आता है इसी तरह का एक मामला फिर सुर्खियों में है मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र में मनरेगा में मजदूरी करने वाले वसीम अहमद ने पंचायत सचिव रविदत्त मिश्रा और तत्कालीन खंड विकास अधिकारी को मजदूरों की मजदूरी में हेराफेरी करने के मामले में भ्रष्टाचार का दोषी बताते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में एक परिवाद संख्या 3856 सन 2019 दाखिल किया है इस मुकदमे की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जिला अधिकारी को पत्र लिखकर ग्राम पंचायत के मनरेगा भुगतान के अकाउंट विवरण को 30 मई 2022 तक अदालत में देने के लिए कहा है मामले में पंचायत सचिव रवि दत्त मिश्रा और खण्ड बिकास अधिकारी को आरोपी बनाया गया है मनरेगा मजदूरों के काम करने के बाद उनकी मजदूरी में हेराफेरी के इस मामले में पंचायत सचिव रविदत्त मिश्रा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

# चोरी की मोटरसाइकिल व तमंचा कारतूस के साथ तीन गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जपनद में चोर वाहन चोर नकबजन के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास सूचना की पर दो अभियुक छोटू सरोज उर्फ अमित पुत्र स्व० छेदू निवासी अर्का फतेहपुर थाना करारी कचन पासी पुत्र अशोक कुमार पासी निवासी बरावा थाना पिपरी को तीन अदद चोरी की मोटर साइकिल के साथ रतमहा तिराहे के पास से गिरफ्तार कर अभियुक्त छोटू सरोज उपरोक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद होने पर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त शनी सरोज उर्फ मुटका पुत्र स्व0 बदल निवासी गिरिया खालसा थाना पिपरी को गिरफ्तार कर कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात अधेड़ का शव

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू रेलवे स्टेशन के पास ओवर ब्रिज के बगल में दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर एक अज्ञात 45 वर्षीय अधेड़ का शव मिला है अधेड़ रेलवे से कटकर छिन्न-भिन्न हो गया था सूचना पाकर मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस और सिराथू चौकी पुलिस शिनाख्त करने के प्रयास में जुटी हुई थी खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हुई थी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# एकदिवसीय रोजगार मेला का हुआ आयोजन

**कौशाम्बी।** राजकीय आद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर में जिला सेवायोजन कायार्लय राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में एकदिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया गया जिसमें कुल 155 प्रतिभागियों की कैरियर काउसलिंग करते हुए रोहित हाइब्रिड सीड प्राइवेट लिमिटेड गाजीपुर में 11, ब्राइट फ्युचर आर्गेनिक हार्बस में 37 तथा एलआईसी आफ इंडिया में 06, अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस रोजगार मेले में जिला सेवायोजन अधिकारी-गौतम घोष प्रधानचार्य राजकीय आईटीआई मंझनपुर एमएम शुक्ला एवं प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई सिराथू केकेराम एमआईएस प्रबन्धक कौशल विकास मिशन दीपक मौर्या अनुदेशक-विवेक तिवारी, अजय कुमार गौतम, ध्रुव सिंह अचल पाण्डेय,कायर्देशक संजीव कुमार कटियार कनिष्ठ सहायक अशोक कुमार मौर्य तथा सेवायोजन कायार्लय के वरिष्ठ सहायक विनोद कुमार सिंह उपस्थित रहें

# जुआ खेलते चार गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा चार अभियुक्तों मकबूल अहमद पुत्र अनवार निवासी समदा माहिल पुत्र हनीफ निवासी समदा मो० यूसुफ पुत्र हबीब निवासी मवई केवट थाना मझनपुर सैकू लाल पुत्र देशराज कोरी निवासी गडेरियन का पुरवा थाना सैनी को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 2100 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 2200 रुपए बरामद कर कार्यवाही कि गई।

# अपराध पर कार्यवाही के बजाय सेवा निवृत्त होने का इंतजार कर रहे चौकी इंचार्ज

## संगठित अपराध संचालन में लिप्त अपराधियों से वसूली में लिप्त चौकी इंचार्ज कर रहे हैं पुलिस अधिकारियों को बदनाम

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के हररायपुर चौकी इंचार्ज इलाके में संगठित अपराधों पर रोक लगाने के बजाय अपने सेवानिवृत्त होने का इंतजार कर रहे हैं कुछ दिन में चौकी इंचार्ज सेवानिवृत्त हो रहे हैं जिससे वह अपराधों पर रोक लगाने का प्रयास नहीं कर रहे हैं चौकी इंचार्ज हररायपुर का कहना है कि जो संगठित अपराध उनके क्षेत्र में संचालित हो रहा है वह संगठित अपराध पूरे जिले क्षेत्र में बेखौफ संचालित हो रहा है कहीं भी अंकुश नहीं लग रहा है चौकी इंचार्ज का कहना है कि पूरे जिले के थाना क्षेत्र में संगठित अपराध चल रहा है पूर्णिया जिले में संगठित अपराध संचालित होने की बात कहकर चौकी इंचार्ज ने पूरी पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है और पूरी पूरी व्यवस्था पर सवाल करने वाले चौकी इंचार्ज के कारनामे से एक बार फिर खाकी वर्दी बदनाम हो रही है खाकी वर्दी को बदनाम करने वाले चौकी इंचार्ज के कारनामों को पुलिस अधिकारी संज्ञान लेकर उन पर कार्यवाही करेंगे या फिर चौकी इंचार्ज का बयान पुलिस महकमे में सच साबित होगा। गौरतलब है कि कोखराज थाना क्षेत्र के हररायपुर चौकी क्षेत्र में गंगा नदी के किनारे आधा दर्जन से अधिक गांव में दर्जनों अवैध शराब की भट्ठियां बेखौफ तरीके से धधक रही हैं एक सिपाही चौकी इंचार्ज के रहमों करम पर भट्ठी संचालकों से अवैध वसूली में लिप्त है इलाके में हरे फलदार पेड़ों के कटान में लकड़ी माफिया बेखौफ तरीके से सक्रिय है और प्रतिदिन इलाके में कहीं ना कहीं हरे फलदार पेड़ काटकर बाहर भेजे जा रहे हैं बीते कई महीने से चौकी इंचार्ज दलालों के सहारे पुलिस चौकी का संचालन कर रहे हैं जिससे इलाके में निदोर्षों पर फर्जी तरीके से मुकदमा दर्ज कराया जाना और आरोपियों से सांठगांठ कर वसूली किया जाना चौकी इंचार्ज की दिनचर्या में शामिल हो चुका है चौकी इंचार्ज के कार्यकाल में पुलिस चौकी पंचायत भवन बन गया है और मारपीट के मामले में आए दिन सुलह समझौते के प्रयास के बहाने जहां पीड़ितों को न्याय से वंचित किया जा रहा है वही अपराधियों को बल दिया जा रहा है जिससे इलाके में अपराध मुक्त व्यवस्था की बात करना बेमानी है इलाके में तेजी से दलाल सक्रिय हैं संगठित अपराध में लिप्त लोग दलालों के सहारे चौकी इंचार्ज तक पहुंच रहे हैं और आरोपियों को बचाने का वह ठेका ले लेते हैं और दलाल जो बात कह देते हैं चौकी इंचार्ज के समय में वह पूरी हो जाती है गजब तो तब हो गया जबकि चौकी इंचार्ज खुद यह बात स्वीकार कर रहे हैं कि जो संगठित अपराध उनके इलाके में संचालित हो रहा है वह पूरे जिले क्षेत्र में संचालित हो रहा है।

संपादकीय

# शिवलिंग की वैश्विक महिमा

**काशी** में ज्ञानवापी परिसर में वीडियो एवं फोटोग्राफी सर्वे देश-दुनिया में बहस के केंद्र में है। ऐसा दावा किया गया है कि यहां वजू करने की जगह बने कुंड में शिवलिंग मिला है। इसकी लंबाई 12 फीट आठ इंच और व्यास चार फीट है। कहा जा रहा है कि काशी विश्वनाथ मंदिर प्रांगण में नंदी महाराज का जिस ओर मुंह है, उसी दिशा में शिवलिंग मिला है। यह मुद्दा निचली अदालत से लेकर देश की सबसे बड़ी अदालत में गूंज रहा है। यहां यह महत्वपूर्ण है कि ध्वस्त किए गए वर्तमान विश्वनाथ मंदिर को 1780 में इंदौर की रानी अहिल्याबाई होल्कर ने बनवाया था। मुख्य मंदिर को 1194 में मोहम्मद गोरी ने, 1505 एवं 1515 में सिकंदर लोधी ने, 1447 में जौनपुर के सुल्तान महमूद शाह और अंतिम बार 1669 में औरंगजेब ने ध्वस्त किया था। यह महत्वपूर्ण तथ्य है। कैथरीन एसर ने अपनी पुस्तक आर्किटेक्चर ऑफ मुगल इंडिया में लिखा है कि मुगलों ने काशी में राजा मानसिंह द्वारा निर्मित प्रसिद्ध विश्वनाथ मंदिर को नष्ट-भ्रष्ट कर दिया था, ताकि हिंदुओं को मानसिक दंड दे सके। वैसे शिवलिंग भारत में तो उत्खनन में मिलते ही रहे हैं, लेकिन पूरी दुनिया में मिलते रहे हैं। इससे पता चलता है कि चार से दस हजार साल पहले तक भगवान शिव के अनुयायी पूरी दुनिया में थे। विकसित होती सभ्यता कैसे संस्कारों में ढलती है, इसका बड़ा उदाहरण लोक साहित्य में अभिव्यक्त ऋषियों, ऋषि पत्नियों और अनार्य देव शिव के साथ घटी घटना में देखते हैं। एक बार वन में इकट्ठे हुए ऋषि अपनी पत्नियों के साथ यज्ञ कर रहे थे। तभी नंग-धड़ंग अक्खड़ शिव ने यज्ञ-स्थल के बगल से गमन किया। ऋषि पत्नियां शिव को दिगंबर अवस्था में देख काम सुख भोगने को इच्छुक हो गईं। भोग की लालसा लिए वे शिव के पीछे चल दीं। अनायास हुई इस अमर्यादित स्थिति से ऋषि क्रोधित हो गए। उनका पुरुषोचित अहंकार विचलित हो गया। उन्होंने तत्काल यज्ञ की महिमा और शक्ति से एक बाघ, एक विषैला सर्प और एक क्रूर राक्षस शिव के दमन के लिए पीछे दौड़ा दिया। अब शिव को तो अनंत शक्तियों का रचायिता और निमार्ता माना जाता है, सो उन्हें इनसे क्या परेशानी थी ? अतैव उन्होंने बाघ को मारकर चर्म उतारा और कमर में लपेट लिया। उनकी यह उदात्त पहल प्रकृति प्रदत्त अवस्था से सभ्यता की ओर प्रस्थान थी। सर्प को पकड़कर वशीभूत किया और गले में हार बना लिया। यह प्रकृति के जीवों के सरंक्षण का लोक हितकारी पहला उपाय था। तत्पश्चात उन्होंने राक्षस को दबोचा और भूमि पर पटक दिया। फिर वे उसकी पीठ पर चढ़े और नाचने लगे। यह वही नृत्य था, जिसकी अवलोकित होने वाली छवि को 'नटराज' की संज्ञा दी गई। इसमें राक्षसी बल का अहंकार त्यागकर सरलता से जीवन जीने का संदेश अंतर्निहित है। सभ्यता के विकासक्रम में ये तीन बिंदु नग्नता पर आवरण, सर्प के संदर्भ में प्रकृति का सरंक्षण और नृत्य के रूप में आनंद की अनुभूति से जुड़े हैं। नृत्य और संगीत सनातन संस्कृति की अद्वितीय देन हैं। नृत्य, संगीत और चित्रकला के माध्यम से जो भी रूप भारतीय पौराणिक मिथकों के रूप में प्रचलित हैं, उन्हें प्रत्येक विचारधारा में प्रगतिशील माना गया है। किंतु यहीं मिथक-रूप जब विज्ञान के संदर्भ में परिभाषित किए जाते हैं, तो तथाकथित वाममार्गी इस पर वितंडा खड़ा कर देते हैं।

# राज ठाकरे:अवसरवादी व विकृत राजनीति का एक और चेहरा

तनवीर जाफरी

और भी कई राजनेता व धर्मगुरु भी राज ठाकरे की अयोध्या यात्रा का विरोध कर रहे हैं। उनके अयोध्या आगमन से पहले ही अनेक राजनैतिक संगठन और संस्थायें विरोध में उतर आई हैं। अयोध्या के कई प्रमुख साधु संत व धर्मगुरु भी राज ठाकरे के प्रस्तावित अयोध्या दौरे का विरोध कर रहे हैं। राज ठाकरे के अयोध्या दौरे का विरोध करने वालों का कहना है कि उत्तर भारतीयों को अपराधी कहने वाले राज ठाकरे या तो उत्तर भारतीयों से माफी मांगें अन्यथा अयोध्या आने का साहस न करें

**यदि** हम पीछे मुड़कर राज ठाकरे के राजनैतिक महत्वाकांक्षा भरे जीवन पर एक नजर डालेंगे तो यही पायेंगे कि बाल ठाकरे की विरासत के रूप में शिव सेना की कमान न मिल पाने के विरोध में ही 9 मार्च 2006 को कथित रूप से हिंदुत्व तथा भूमिपुत्र के सिद्धान्तों पर आधारित महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (मनसे) महाराष्ट्र के एक क्षेत्रीय राजनैतिक दल के रूप में वजूद में आई। यह भी कहा जाता है कि उद्धव ठाकरे के साथ मतभेद तथा राज्य में चुनाव में टिकट वितरण जैसे अहम फैसलों में राज ठाकरे की अवहेलना के चलते भी मनसे गठित की गयी। परन्तु हकीकत तो यह है कि यदि बाल ठाकरे अपनी राजनैतिक विरासत अपने पुत्र उद्धव ठाकरे को सौंपने के बजाये भतीजे राज ठाकरे को सौंप देते तो यकीनन मनसे वजूद में ही न आती। बहरहाल मनसे ने राज ठाकरे के नेतृत्व में बाल ठाकरे तर्ज की आक्रामक राजनीति करनी शुरू की। शिवसेना को कमजोर करने की कोशिश करते हुए बी एम सी,पुणे नगर निगम,ठाणे तथा नासिक नगर निगम जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर अपने प्रतिनिधि निर्वाचित कराये। इतना ही नहीं बल्कि 2009 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मनसे ने 13 विधानसभा सीटें भी जीतीं । इसके अलावा 24 से अधिक स्थानों पर मनसे दूसरे स्थान पर भी रही। परन्तु अब सीटें जीतने के लिहाज से धीरे धीरे मनसे का राजनैतिक जनाधार लगभग समाप्त सा हो गया है। इसका मुख्य कारण यह है कि जो मनसे हिंदुत्व का ध्वजवाहक बनना चाहती थी उसी ने 2008 में उत्तर भारतीयों विशेषकर उत्तर प्रदेश,झारखण्ड,मध्य प्रदेश और बिहारी प्रवासियों के विरुद्ध खुले आम हिंसा शुरू कर दी। मनसे कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र के विभिन्न भागों में उत्तर भारतीय दुकानदारों और विक्रेताओं पर हमला किया। कई जगह सरकारी सम्पत्ति नष्ट कर दी। छठ जैसे उत्तर भारतीयों के प्रमुख त्यौहार का विरोध किया जाने लगा। इस घटना पर लोकसभा में भी काफी हंगामा हुआ था। इसी तरह 9 नवम्बर 2009 को समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी को मनसे विधायकों द्वारा उन्हें हिंदी में शपथ लेने से रोका गया। और उनसे सदन में मार पीट की गयी। महाराष्ट्र विधान सभा अध्यक्ष ने इस घटना में



शामिल मनसे के चार विधायकों को चार वर्ष के लिए निलम्बित कर दिया गया था । मुम्बई और नागपुर में विधान सभा बैठक के दौरान उनके प्रवेश पर भी रोक लगा दी गई थी । अभी पिछले दिनों पूर्व महाराष्ट्र में मनसे द्वारा खड़े किये गये अजान-लाउडस्पीकर-हनुमान चालीसा विवाद के मध्य मनसे प्रमुख राज ठाकरे को कथित तौर पर कोई धमकी भरा पत्र मिला। इस पत्र के मिलने के बाद एक मनसे नेता ने कहा कि राज ठाकरे को एक धमकी भरा उर्दू में लिखा गया पत्र मिला है, उनकी जान को खतरा है। इस नेता ने चेतावनी दी है कि अगर ठाकरे को कुछ हुआ तो 'वे महाराष्ट्र को जला देंगे'। स्वयं राज ठाकरे की राजनीति का अंदाज प्रायः आक्रामक व तल्खी भरा ही रहता है। वे कई बार अपने साक्षात्कार के दौरान आपे से बाहर और वरिष्ठ पत्रकारों के प्रति अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करते दिखाई देते हैं। अब जबसे शिवसेना ने भाजपा से अपना पुराना नाता तोड़ कांग्रेस व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से मिलकर सरकार गठित की है तब ही से राज ठाकरे भाजपा के साथ अपने राजनैतिक संबंध बनाने की जुगत में लगे थे। या यूँ कहें कि भाजपा व मनसे दोनों को ही एक दूसरे से संबंध बनाने की मजबूरी दरपेश थी। परन्तु इसके लिये राज ठाकरे को अपने मराठी नहीं बल्कि हिंदुत्ववादी तेवरों में धार रखनी जरूरी थी। जो उन्होंने मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने,अजान के वक़्त लाउडस्पीकर पर हनुमान चालीसा पढ़ने जैसा विवाद खड़ा कर, करने की पूरी कोशिश भी की। साथ ही राज ठाकरे ने अपने नये 'हिंदुत्ववादी अवतार' को क्षेत्रीय की जगह राष्ट्रीय 'कवच ' पहनाने के लिये 5 जून को अयोध्या में राम लला के दर्शन का कार्यक्रम भी घोषित कर दिया।खबरों के मुताबिक मनसे ने 11 ट्रेन रैक बुक कराने की योजना बनाई है ताकि अयोध्या में मनसे के कार्यकर्ता अपने नेता का स्वागत कर सकें। परन्तु उत्तर भारतीयों द्वारा राज ठाकरे का पुराना रिकार्ड अब खोल दिया गया है। बहराइच,अयोध्या से लेकर इलाहबाद और पूर्वांचल के कई जिलों में उन्हीं उत्तर भारतीयों ने राज ठाकरे का विरोध करने के लिये कमर कस ली है जिन्हें 2008 में राज ठाकरे के निदेशों पर मनसे कार्यकर्ताओं द्वारा इतना प्रताड़ित किया गया था कि लाखों लोग रास्तों में और ट्रेनों,बसों व टैक्सियों में मार खाते, लुटते, पिटते अपने घरों को लौटने के लिये मजबूर हो गए थे। राज ठाकरे के विरोध में सत्ताधारी दल भाजपा के कैसर गंज के सांसद बृजभूषण शरण सिंह जोकि भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष भी हैं, ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा है कि ठाकरे को अयोध्या आने देना तो दूर उन्हें उत्तर प्रदेश की सीमा में भी घुसने नहीं दिया जायेगा।

और भी कई राजनेता व धर्मगुरु भी राज ठाकरे की अयोध्या यात्रा का विरोध कर रहे हैं। उनके अयोध्या आगमन से पहले ही अनेक राजनैतिक संगठन और संस्थायें विरोध में उतर आई हैं। अयोध्या के कई प्रमुख साधु संत व धर्मगुरु भी राज ठाकरे के प्रस्तावित अयोध्या दौरे का विरोध कर रहे हैं। राज ठाकरे के अयोध्या दौरे का विरोध करने वालों का कहना है कि उत्तर भारतीयों को अपराधी कहने वाले राज ठाकरे या तो उत्तर भारतीयों से माफी मांगें अन्यथा अयोध्या आने का साहस न करें। इनका कहना है कि 'हम उत्तर भारतीय ही भगवान श्री राम के वंशज हैं अतः उत्तर भारतीयों का महाराष्ट्र में अपमान किया जाना भगवान श्रीराम का अपमान है। राज ठाकरे भगवान श्री राम के अपराधी हैं। लिहाजा बिना माफी मांगे अयोध्या आने पर उत्तर भारतीय राज ठाकरे का जमकर विरोध करेंगे। इस पूरे प्रकरण में आश्चर्य की बात तो यह है कि जहाँ एक भाजपा सांसद खुलकर राज ठाकरे के अयोध्या दौरे का विरोध कर रहे हैं वहीँ इन्हीं विरोध स्वरों के बीच अयोध्या से भाजपा के ही सांसद लल्लू सिंह, राज ठाकरे के समर्थन में आ गये हैं। सांसद लल्लू सिंह का कहना है कि जो भी प्रभु श्रीराम की शरण में आना चाहता है उसका अयोध्या में स्वागत है। सांसद लल्लू सिंह ने यह भी कहा कि -'राज ठाकरे पर हनुमान जी की कृपा हुई है इसलिए वह अयोध्या में प्रभु श्रीराम जी की शरण में आ रहे हैं। मैं प्रभु से प्रार्थना करता हूं कि उन्हें सद्बुद्धि मिले जिससे कि वह स्वयं के व महाराष्ट्र के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी की शरण में भी जाएं'। उधर 10 जून को राज ठाकरे के भतीजे आदित्य ठाकरे भी अयोध्या आ रहे हैं। अयोध्या में दोनों 'ठाकरे' के दौरे को लेकर पोस्टर लगाये जा रहे हैं।

इसके चलते अयोध्या शिवसेना और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के टकराव का केंद्र बनता जा रहा है। बहरहाल राज ठाकरे के रूप में अवसरवादी व विकृत राजनीति का एक और चेहरा तो जरूर उभर रहा है परन्तु इन सब के बीच उत्तर भारतीयों को यह जानना भी बेहद जरूरी है कि उत्तर भारतीयों के दम पर अपनी सरकार बनाने वाली व हिंदी भाषा का प्रसार करने की कोशिशों में लगी भारतीय जनता पार्टी हिंदी भाषा व उत्तर भारतीयों का विरोध करने वाले राज ठाकरे के प्रति नीतिगत व सैद्धांतिक रूप से आखिर क्या विचार रखती है।

# "सत्य ही शिव है" वह कभी पराजित नहीं होता

विनोद कुमार

"ज्ञानवापी मंदिर को मस्जिद बनाने वाले लुटेरों का अत्याचार कब तक हमें टीस देता रहेगा ?" यह अनुत्तरित प्रश्न लगभग 350 वर्षो से करोड़ों-करोड़ों शिवभक्तों को उद्वेलित किए हुए था ' अतः हिन्दुओं में अपने गौरवांवित इतिहास को जानने की उत्सुकता बलवती हुई और अपने नष्ट हुए स्वाभिमान को पुनः स्थापित करने की चाहत जगी ' उसी परिप्रेक्ष में ज्ञानवापी परिसर में महादेव की मुक्ति के संघर्ष के लिए समर्पित हमारे वरिष्ठ एवं विद्वान अधिवक्ताओं के वर्षो से किए जा रहे अथक परिश्रम को गति मिली ' परिणामस्वरूप माननीय न्यायालय के आदेशानुसार ज्ञानवापी परिसर में हुए सर्वेक्षण से अब यह सत्य सामने आ गया है कि सैकड़ों वर्षो से शिवभक्तों को किस प्रकार सत्य से छुपाया गया और उन्हें उनके धार्मिक अधिकारों से वंचित किया जाता रहा ' आज जब ज्ञानवापी मंदिर का सत्य प्रमाणित हो रहा है तो यह अवश्य ही "धर्म की जय और अधर्म की पराजय" का परिचायक बन गया हैं ' काशी-विश्वनाथ मंदिर पर ज्ञानवापी मस्जिद का निर्माण भारत और भारतीयता पर एक कलंक था। यह वास्तव में मुगल आतताईयों की कुफ्र के लिए भारतभक्त हिन्दुओं के मान मर्दन और उत्पीड़न की सैकड़ों वर्षो से चली आ रही श्रंखला का एक और स्पष्ट प्रमाण है ' मंदिर तोड़ कर बल पूर्वक मस्जिद बनाने के कुकृत्यों से वहां रहने वाले हिन्दुओं के ह्रदयों की पीड़ा को गंगा-जमुनी संस्कृति के भ्रमित कथनों से कैसे दूर किया जा सकता था और है?

यह कितना अपमानजनक और घृणित कृत्य है कि मुस्लिम समाज वर्षो से हमारे आस्था बिंदु शिवलिंग पर अपने हाथ पैर धोकर वजू करता आ रहा था और हैं ? क्या हिन्दुओं में ऐसे अत्याचारियों के विरुद्ध कभी कोई आक्रोश जगेगा ? यह स्पष्ट है कि जेहादियों ने हिंसा के बल पर काफिर और कुफ्र को मिटाने के लिए हर संभव अत्याचार किए थे, वही दादागिरी और गुंडागर्दी आज भी इनकी नस नाडियों और हड्डियों में रची बसी हुई है ' तभी मुस्लिम भड़काऊ नेता बार - बार प्रमाणित सच को झूठ बता कर अपने समुदाय की भीड़ को भड़का कर अराजकता और लूटमार के सहारे देश का वातावरण बिगाड़ने का दुस्साहस कर रहे है। क्या सिरफिरे जेहादियों / तालिबानियों को तथ्यात्मक और न्यायिक पराजय स्वीकार नहीं या कभी हारना नहीं चाहते और आतंक के बल पर अपने को ही सही ठहराना चाहते हैं ? यह कैसी विडंबना है कि जहां बुद्धिमान समाज प्रमाणित सच को भी स्वीकार करने के लिए फूंक-फूंक कर आगे बढ़ता है, वहीं मूर्खों के समान जेहादियों की भीड़ आत्मविश्वास से भरपूर होकर सच को भी झूठा बना देने के लिए भिडने के लिए तत्पर है ' जिस प्रकार पिछले दिनों दिल्ली स्थित शाहीनबाग और जहांगीरपूरी में हुए मुस्लिम भीड़ प्रशासन के निर्णयों का विरोध करते हुए सुरक्षा बलों पर ही आक्रामक हो गई थी ' वहीं 2019झ2020 में 'नागरिक संशोधन अधिनियम' (सीएए) के विरुद्ध शाहीनबाग में मुस्लिम घुसपैठियों और इनको बसाने वाले जेहादियों के बल पर 101 दिन चला राष्ट्र विरोधी आक्रामक आंदोलन भी भीड़ को भड़का कर आतंक फैलाने का बड़ा प्रमाण था ' अब विचार करने वाला बिंदु यह है कि कुछ मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने (अब जब मंदिरों पर हुए अत्याचारों का सच सामने आने लगा है तो) कहा है कि मुसलमानों को बड़ा दिल दिखाते हुए काशी और मथुरा की विवादित मस्जिदों को हिन्दुओं को सौप देने चाहिए ' ये मुस्लिम बुद्धिजीवी यह क्यों नहीं कहते कि भारत में बनी मुगलकालीन लगभग समस्त मस्जिदें मन्दिरों को ध्वस्त करके ही बनवाई गई थी? जब यह एतिहासिक सच सामने आ ही गया है तो उन सभी मस्जिदों का जिनमें मंदिर-मठ आदि हिन्दू धार्मिक स्थल थे, को अब हिन्दुओं को सौपना ही चाहिए ? जबकि इस्लाम में किसी भी काफिर के धार्मिक स्थलों पर मस्जिद आदि बनाने को सर्वथा अशुद्ध माना गया है ' इस्लाम में ऐसे स्थानों पर नमाज अदा करना सर्वथा पाप है, तो क्या वहां इस वास्तविकता को समझते हुए भी मुस्लिम नेता केवल हिन्दुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने और अपमानित करने लिए भोले-भाले मुसलमानों को भड़काने में लगे हुए हैं ' ऐसे में उन लाखों करोड़ों मुसलमान जो सदियों से ज्ञानवापी एवं हमारे अन्य धर्म स्थलों पर नमाज अदा करते आ रहे थे और हैं,को क्या इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार अब काफिर नहीं माना जाएगा?

चिंतन

# युवाओं में बढ़ती नशाखोरी

"**नशेबाज** कहते सभी, आती तनिक न लाज। बीवी-बच्चे हो रहे, रोटी को मोहताज।" नशा नाश का प्रमुख कारण है। इसी क्रम में राजस्थान में संभाग के चारों जिलों बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ व श्रीगंगानगर में नशा मुक्ति का सघन अभियान 'न करेंगे न करने देंगे' का प्रथम चरण 14 फरवरी से 23 मार्च तक आयोजित किया गया। नशा रोकने के क्रम में प्रत्येक उपखंड क्षेत्र में जागरूकता का सघन अभियान चलाया गया और पुलिस द्वारा नशाखोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की गई है। लेकिन बावजूद इसके आज भी नशे का प्रयोग बदस्तूर जारी है। आये दिन अखबारों में हमें नशे की खबरें पढ़ने को मिलती रहती हैं। नशे के कारण एक ओर जहाँ युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है वहीं दूसरी ओर नशे के कारण आज हमारे परिवार, हमारा समाज, हमारा देश खोखले होते जा रहे हैं। नशे से धन की तो बबार्दी होती ही है, शरीर का भी नाश होता है। यह नशा ही है जो हमारे शरीर में घुलकर हमारे शरीर को खत्म कर देता है। नशे के कारण आज परिवार के परिवार बर्बाद हो रहे हैं। ईश्वर ने हमें यह जिंदगी जीने के लिए दी है, न कि इसे यूं ही खोने के लिए अथवा बर्बाद करने के लिए। आज युवाओं में लगातार नशाखोरी करने की प्रवृत्ति बढ़ती चली जा रही है। आज के युवा बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, हेरोइन, चरस ,गांजा, चिट्टा,शराब यहाँ तक की विभिन्न दवाईयों को(नशीले कैप्सूल, कॉरेक्स, आयोडैक्स वगैरह) नशे के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। यह हमारे शरीर के लिए अत्यंत ही घातक सिद्ध हो रहा है। युवाओं में बढ़ती नशाखोरी के मद्देनजर हमें नशा मुक्ति अभियानों को प्रत्येक क्षेत्र तक पहुंचाने के प्रयास करने होंगे। वास्तव में नशा छोड़कर ही घर गृहस्थी को जोड़ा जा सकता है। आज भी श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ जिले में नशाखोरी अपने परवान पर है। चूरू और बीकानेर जिले भी इसकी गिरफ्त में आ रहे हैं। हमारे देश में प्रतिवर्ष लाखों लोग नशे के कारण अपनी जान से हाथ धो बैठते हैं। नशा बीमारियों का कारण बनता है और हमारे शरीर में ऐसा कोई अंग नहीं होता है जो नशे के कारण प्रभावित न होता हो। आज पुरूषों के साथ ही महिलाओं में भी नशे की प्रवृत्ति लगातार बढ़ रही है और यह और भी अधिक घातक सिद्ध हो रही है। यह अत्यंत चिंताजनक है। नशा हमारे समाज के लिए एक बड़ी चुनौती है। वर्तमान समय में तंबाकू और शराब अत्यंत घातक सिद्ध हो रहे हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे (2019-21) के अनुसार , हमारे देश में 15 वर्ष से अधिक आयु के 38 प्रतिशत पुरुष तंबाकू का सेवन करते हैं। महिलाओं में यह आंकड़ा नौ प्रतिशत है। यह अत्यंत घातक है कि विश्व स्तर पर 1.3 बिलियन लोग तंबाकू उत्पादों का उपयोग कर रहे हैं, और वार्षिक मृत्यु दर लगभग छह मिलियन है। 2018 विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की फैक्टशीट के अनुसार, तंबाकू के सेवन और लत से भारत में दस लाख से अधिक लोगों की मौत होती है, जो तंबाकू के उपयोग से होने वाली दुनिया में होने वाली मौतों का छठा हिस्सा है और भारत में होने वाली सभी मौतों का 9.5% हिस्सा है। ये तथ्य हमें तंबाकू के सेवन से सामान्य स्वास्थ्य पर होने वाले खतरों के बारे में सूचित करते हैं। इसके अलावा, डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि अगर उचित उपाय नहीं किए गए तो 2030 तक तंबाकू से होने वाली मौतों की संख्या बढ़कर एक मिलियन हो जाएगी, जो वैश्विक मौतों का 10 % है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे (2019-21) में यह भी बताया गया है कि 15 से 49 साल की उम्र की केवल एक प्रतिशत महिलाएं ही शराब पीती हैं , जबकि इस आयु वर्ग में 19 प्रतिशत पुरुषों को इसकी लत है । इस संबंध में एक तथ्य यह भी है कि 2015 से पुरुषों में शराब का उपभोग सात प्रतिशत कम हुआ है, लेकिन इससे हमें संतोष नहीं करना चाहिए क्योंकि अनेक विशेषज्ञों का मानना है कि इस कमी की एक वजह कोरोना काल में लॉकडाउन के कारण शराब का उपलब्ध नहीं होना भी हो सकती है। शराब पीने वाले पुरुषों में 15 फीसदी लगभग रोज , 43 फीसदी हफ्ते में लगभग एक बार तथा 42 फीसदी हफ्ते से अधिक अंतराल में पीते हैं। स्त्रियों में 17 प्रतिशत लगभग हर दिन तथा 37 प्रतिशत सप्ताह में लगभग एक बार शराब का उपभोग करती हैं।

# चिंता का सबब बनता गिरता हुआ रुपया

सत्यवान 'सौरभ'

रुपये के मूल्यह्रास का मतलब है कि डॉलर के मुकाबले रुपया कम मूल्यवान हो गया है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया 77.44 के सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया। सख्त वैश्विक मौद्रिक नीति, अमेरिकी डॉलर की मजबूती और जोखिम से बचने, और उच्च चालू खाता घाटे से भारतीय रुपये के लिए गिरावट चिंता का विषय है। भारतीय रुपये के मूल्यह्रास के पीछे विभिन्न कारक देखे तो वैश्विक इक्विटी बाजारों में एक बिकवाली जो अमेरिकी फेडरल रिजर्व (केंद्रीय बैंक) द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि, यूरोप में युद्ध और चीन में कोविड -19 के कारण विकास की चिंताओं से शुरू हुई थी। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा दरों में 50 आधार अंकों की बढ़ोतरी के साथ, वैश्विक बाजारों में बिकवाली हुई है क्योंकि निवेशक डॉलर की ओर बढ़ गए हैं। डॉलर का बहिर्वाह उच्च कच्चे तेल की कीमतों का परिणाम है और इक्विटी बाजारों में सुधार भी डॉलर के प्रतिकूल प्रवाह का कारण बन रहा है।

भारत में, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने कोटक के आंकड़ों के अनुसार, इस वित्तीय वर्ष की शुरूआत से लगभग 5.8 बिलियन डॉलर की निकासी की है, जिससे मुद्रा पर दबाव बढ़ गया है। बढ़ती मुद्रास्फीति का मुकाबला करने के लिए मौद्रिक नीति को कड़ा करने के लिए आरबीआई द्वारा उठाए गए कदमों से भी मूल्यह्रास हुआ है। बढ़ते व्यापार घाटे के कारण भी दबाव है - अप्रैल में घाटा मार्च में 18.7 अरब डॉलर से बढ़कर 20 अरब डॉलर हो गया। दरअसल, विश्लेषकों के मुताबिक, चालू खाता घाटा 2013 के संकट के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर रहने की संभावना है। कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी, मुद्रास्फीति की आशंका, ब्याज दरों में बढ़ोतरी और कमजोर घरेलू इक्विटी से निवेशकों की धारणा प्रभावित होने के कारण सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया 77.43 के ताजा निचले स्तर पर आ गया। वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने, डॉलर की मजबूती ने जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियों की मांग को प्रभावित किया, जिससे स्थानीय इकाई कम हुई। ग्रीनबैक के मुकाबले रुपया 0.7% गिरकर 77.43 पर आ गया, जो इस साल मार्च में 76.98 के पिछले सर्वकालिक निचले स्तर को छू गया था। विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी निवेशकों द्वारा भारतीय संपत्तियों की लगातार बिक्री को लेकर चिंता का भी मुद्रा पर असर पड़ा। फरवरी में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से रुपये पर दृष्टिकोण खराब हो गया है क्योंकि संघर्ष के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि हुई है। रुपये में गिरावट का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव दूरगामी प्रभाव छोड़ेगा; चालू खाता घाटा बढ़ने, विदेशी मुद्रा भंडार में कमी और रुपये को कमजोर करने के लिए बाध्य है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अन्य महत्वपूर्ण आयातों के साथ, अर्थव्यवस्था निश्चित रूप से लागत-मुद्रास्फीति की ओर बढ़ रही है। कॉस्ट-पुश इन्फ्लेशन जिसे मजदूरी-पुश इन्फ्लेशन के रूप में भी जाना जाता है; तब होता है जब मजदूरी और कच्चे माल की लागत में वृद्धि के कारण समग्र कीमतों में वृद्धि (मुद्रास्फीति) होती है। कंपनियों को उच्च लागत का बोझ उपभोक्ताओं पर पूरी तरह से डालने की अनुमति नहीं दी जा सकती है, जो बदले में, सरकारी लाभांश आय को प्रभावित करती है, बजटीय राजकोषीय घाटे के बारे में सवाल उठाती है। मजबूत अमेरिकी मुद्रा के साथ-साथ निराशावादी वैश्विक बाजार की भावना रुपये के मूल्यह्रास का कारण बन रही है। बाजार की धारणा भी आहत हुई है क्योंकि निवेशक बढ़ती मुद्रास्फीति, दुनिया के प्रमुख देशों में मौद्रिक नीति के सख्त होने, आर्थिक मंदी और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव से चिंतित हैं। इसके अतिरिक्त, व्यापक व्यापार बिल के रूप में देश अपनी तेल जरूरतों का 85% आयात करता है, ने निवेशकों को हिला दिया है। "बाजार सहभागियों को डर है कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से भारत के व्यापार और चालू खाते को नुकसान होगा। रुपये में गिरावट भारतीय रिजर्व बैंक के लिए दोधारी तलवार है। कमजोर रुपये को सैद्धांतिक रूप से भारत के निर्यात को बढ़ावा देना चाहिए।

# कमेंटातुर लाइकोफीम का जलवा

रामविलास जांगिड़

आज हमारी बाई फूला देवी ने फेसबुक माता पर एक लाख कमेंट प्राप्त कर लिए हैं, इसके लिए हार्दिक बधाई! उन्होंने आज ये कमेंट प्राप्त करने की खुशी में फेसबुक माता का उद्यापन कार्यक्रम रखा है। सोशल मीडिया पर बाई फूला की सतही सपाटी कवि रचनाओं के रफ ड्राफ्ट के लिए कमेंटातुर फ्रेंडों की लंबी लाइन देखकर फूलाबाई ने सड़क पर ही लाइकोफीम का बरगद लगा लिया है। उन्हें कमेंट मिलने पर अत्यंत खुशी हो रही है। कमेंटाकांक्षी जीव इनसे गजब की प्रेरणा प्राप्त कर सकते हैं। कमेंटाधिपति बन कर सोशल मीडिया के चराचर जगत में बाई फूला अपनी बहादुरी का झंडा फहरा रही है। वे अपने कवि कर्म के भजनों की चाहत पूरी दुनिया में फैलाने के लिए ग्रेट कमेंटाधिकारी बन गई है। बाई फूला का सोशल मीडिया वर्चुअल संसार अब एक साल हो गया है। वह अपने घर, परिवार, रिश्तेदार आदि से चाहत-लाइक्स की उम्मीद छोड़कर फेसबुक की दुनिया में धमाल रही है। इन्हें आभासी दुनिया में भरपूर पहचान मिली है। जब इन्हें गली का कुत्ता तक नहीं पहचानता है, तब वे फेसबुक मंडी में अपने लिए भरपूर प्यार लूट रही है। वह इस आभासी मंच को वास्तविक पहचान बना रही है। अनजान लोगों से बाई फूला को ढेरों उम्मीदें हैं। अनजान लोग ही उसका आधार है। अनजान लोग ही उसके जीवन की सांस है। अनजान ही उसकी जान और जहान है। हर एक क्लिक में उसकी अनजान उम्मीदों के पंख लगे हैं। बाई फूला की तरह बाई झमकू ने भी अपने अजन्मे पोते के जन्म लेने संबंधी संभावनाओं की फोटुएं फेसबुक पर पोस्ट की थी। इस पर इतने ढेरों लाइक्स और कमेंट आएंगे स्वयं बाई झमकू को भी पता नहीं था। इसलिए बाई झमकू अब शानदार हीनभावना का भव्य बंगला बनाकर आराम से रह रही है। वह अपने दोस्तों और रिश्तेदारों की जिंदगी देखकर उनसे अपने आपकी तुलना करके छीजा-कूटी कर मजे मार रही है।

# एशियाई हॉकी संघ का बड़ा फैसला, एशियाड 2023 में नहीं हुए तो खुद कराएगा ओलंपिक क्वालीफायर

**मुंबई।** एशियाई हॉकी संघ (एएचएफ) ने कहा कि अगर स्थगित हुए हांगझोउ एशियाई खेल अगले साल सितंबर तक नहीं हुए तो वह खुद ही ओलंपिक क्वालीफायर कराएगा। एशियाई खेलों का आयोजन इस साल 10 से 25 सितंबर तक होना था लेकिन चीन में कोरोना महामारी से खराब होती स्थिति को देखते हुए इस महीने के शुरू में अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। नई तारीख भविष्य में तय की जाएगी। इस मुद्दे पर एएचएफ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तैयब इकराम ने कहा कि एशियाई हॉकी संस्था अभी एशियाई



ओलंपिक परिषद (ओसीए) से लगातार सलाह मशविरा कर रही है। एशियाई खेल महाद्वीप के लिए एक ओलंपिक क्वालीफायर है लेकिन हमारे पास इतना समय नहीं है। अगर एशियाई खेल सितंबर 2023 तक स्थगित रहते हैं तो हम क्वालीफायर कराने की स्थिति में होंगे। उन्होंने कहा कि हम अपने खिलाड़ियों को उचित मौका और मंच प्रदान करना चाहते हैं। हांगझोउ एशियाई खेलों से पुरुष और महिला दोनों के लिए ओलंपिक स्थान दांव पर लगे हैं। विजेता टीम को सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा।

## कोरिया को हराकर भारतीय टीम तीरंदाजी विश्व कप के फाइनल में, महिलाओं ने जीता कांस्य पदक

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने विश्व कप-2 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले क्वार्टर फाइनल में दुनिया की नंबर एक टीम अमेरिकी को हराया। इसके बाद सेमीफाइनल में मजबूत दक्षिण कोरिया को उसी के घर में हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। फाइनल में उसका विश्व नंबर चार फ्रांस से सामना होगा।



वहीं महिला कंपाउंड टीम ने तुर्की को हराकर कांस्य पदक जीता।अभिषेक वर्मा, अमन सैनी और रजत चौहान ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अमेरिका को क्वार्टर फाइनल में 234-228 से हराया। सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के खिलाफ दो अंक से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्कोर 233-233 की बराबरा पर ला दिया। इसके बाद हुए शूट आउट में भारतीय टीम को 29-26 से जीत मिली।

**महिलाओं ने तुर्की को हराया**

वहीं अवनीत कौर, मुस्कान किरार और प्रिया गुर्जर की महिला कंपाउंड टीम सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के हाथों 228-230 से हारी, लेकिन कांस्य पदक की लड़ाई में उसने तुर्की को 232-231 से हराया।

## श्रीलंका के खिलाफ शतक के बाद बोले मुशफिकुर रहीम- लोग मेरी तुलना डॉन ब्रैडमैन से करते हैं

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के सनसनीखेज बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने श्रीलंका के खिलाफ चौथे दिन आठवां टेस्ट शतक बनाते हुए 5000 टेस्ट रन पूरे किए और ये उपलब्धि हासिल करने वाले पहले बांग्लादेशी खिलाड़ी बन गए। बांग्लादेश के गेंदबाजों ने पहली पारी में श्रीलंका को 397 रनों पर रोक दिया, तमीम इकबाल और मुशफिकुर के शानदार प्रदर्शन ने बांग्लादेश को खेल में बढ़त बनाने में मदद की। दिन के खेल के अंत में, मुशफिकुर ने कुछ विवादास्पद बयान दिए, जिसमें कहा गया कि उनके देश में अनुभव का कोई मूल्य नहीं है। एक रिपोर्ट में मुशफिकुर के हवाले से कहा गया कि मुझे लगता है कि बांग्लादेश में अनुभव का कोई मूल्य नहीं है। 17 साल तक खेलना बहुत बड़ी बात है। जो कुछ मेरा इंतजार कर रहा है, अल्लाह ने लिखा है और मैं उतना ही अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। 5000 टेस्ट रन तक पहुंचने वाले पहले बांग्लादेशी बनना एक शानदार अहसास है। लेकिन मुझे यकीन है कि मैं आखिरी नहीं हूं। हमारे सीनियर और जूनियर में बहुत से सक्षम खिलाड़ी होंगे जो 8,000 या 10,000 रन तक पहुंच सकते हैं। 2020 में जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने दोहरे शतक के बाद 18 पारियों में मुशफिकुर तीन अंकों का आंकड़ा हासिल करने में नाकाम रहे थे। वह एकमात्र अवसर 2021 में पाकिस्तान के खिलाफ आया था, जब उन्होंने 91 रन बनाए। तब से उन्होंने केवल एक 50+ स्कोर दर्ज किया है जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनकी हालिया श्रृंखला में आया था।



उन्होंने कहा, केवल बांग्लादेश में, मैंने देखा है कि जब मैं शतक बनाता हूं तो लोग मेरी तुलना डॉन ब्रैडमैन से करते हैं, लेकिन तब जब मैं रन नहीं बनाता, तो मुझे लगता है कि मैं अपने लिए एक गड्ढा खोद रहा हूं। मैं वरिष्ठ खिलाड़ियों में से एक हूं इसलिए हम लंबे समय तक यहां नहीं रहेंगे।

## सीएसके के खिलाफ प्लेऑफ के लिए उतरेगी राजस्थान, बटलर पर उम्मीदें

**मुंबई।** पिछले कुछ मैचों में कोई धमाल नहीं कर पाने वाले जोस बटलर यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कम अनुभवी गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे होंगे और राजस्थान रॉयल्स की उम्मीदें भी उनके प्रदर्शन से प्लेऑफ में जगह बनाने पर लगी होंगी। संजू सैमसन की अगुआई वाली टीम एक और जीत से 18 अंक पर पहुंच जाएगी जिससे शीर्ष चार स्थानों के लिएं उन्हें सभी गणनाओं और संभावनाओं को स्पष्ट करने में मदद मिलेगी। बल्कि एक जीत राजस्थान रॉयल्स के लिए शीर्ष दो में स्थान भी सुनिश्चित कर सकती है।

## प्रफुल पटेल की जगह अब सीओए करेगा भारतीय फुटबॉल संघ का संचालन, सुप्रीम कोर्ट का आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अखिल भारतीय फुटबॉल संघ (एआईएफएफ) का बतौर अध्यक्ष संचालन कर रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल पटेल की जगह यह जिम्मेदारी प्रशासकों की समिति (सीओए) को सौंप दी है। सर्वोच्च अदालत ने सेवानिवृत्त जज एआर दवे को समिति की कमान सौंपी है, जिसके दो सदस्य पूर्व चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी और भारतीय टीम के गोलकीपर रहे भास्कर गांगुली होंगे। अदालत ने आदेश दिया है कि कमेटी संघ का राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कोड के अनुसार चुनाव कराने तक संचालन करेगी। पटेल 2009 से एआईएफएफ के अध्यक्ष थे। उनका कार्यकाल दिसंबर, 2020 में पूरा हो चुका था, लेकिन उन्होंने दिल्ली फुटबॉल संघ की ओर से दायर लंबित पड़े केस का हवाला देकर चुनाव नहीं कराए और पद पर बने रहे। खेल मंत्रालय ने अदालत में हलफनामा दायर करते हुए कहा कि पटेल के तीन कार्यकाल पूरे हो चुके हैं और स्पोर्ट्स कोड के अनुसार वह इस पद पर बने नहीं रह सकते हैं।



संघ के 85 साल के इतिहास में यह पहली बार होगा जब सीओए इसका संचालन करेंगे। समिति सदस्य एसवाई कुरैशी ने कहा कि अदालत के इस आदेश के बाद पटेल की अगुवाई वाली कार्यकारिणी अब संघ का संचालन नहीं कर सकेगी। अदालत का आदेश मिलते ही समिति संघ का कार्यभार संभाल लेगी।

## रोमांचक मुकाबले पर स्टोयनिस ने कहा- मैन ऑफ द मैच इस खिलाड़ी को मिलना चाहिए

**मुंबई।** लखनऊ सुपर जायंट्स ने कोलकात नाईट राईडर्स को रोमांचक मैच में 2 रन से हरा दिया। इस मैच में लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए डिकॉक के शतक और केएल राहुल के अर्धशतक की बदौलत 210 रन बनाए। जवाब में कोलकाता की टीम 208 रन ही बना पाई और मैच को 2 रन से गंवा दिया। इस हार के साथ ही कोलकाता प्लेऑफ की रेस बाहर हो गई है। लखनऊ के लिए आखिरी ओवर फेंकने आए मार्कस स्टोयनिस ने कहा कि मुझे ऐसा लग रहा था कि मिडिल ओवर्स में गेंदबाजी करनी चाहिए थी।

मार्कस स्टोयनिस ने कहा कि शुरूआत में मेरी यह फीलिंग्स थी कि मुझे बीच से गेंदबाजी करनी चाहिए थी। ओवर की शुरुआत में आप परिस्थितियों के हिसाब से खेलते हैं, थोड़ी लंबी बाउंड्री तक, थोड़ा सा बल्लेबाज जो करना चाहता है। जैसे-जैसे चीजें हाथ से निकलने लगती हैं तो आप उस दिशा में गेंदबाजी करने लगते हो जहां आप करना चाहते हो। यह आपके लिए काम करता है। यह मेरे लिए एक सीख है। स्टोयनिस ने आगे कहा कि मैं सीधा यॉर्कर मारते के लिए ज्यादा अच्छा महसूस करता हूं। हम हमेशा कुछ न कुछ लक्ष्य रखते हैं। बल्लेबाजों के पैरों पर, स्टंप पर, अभ्यास में कोने पर। वहीं एविन लुईस की कैच पर स्टोयनिस ने कहा कि हम उसे मैन ऑफ द मैच दे रहे हैं।

## वीर महान ने पाकिस्तानी पहलवान को जमकर पीटा, फिर रे मिस्टीरियो ने धोखे से हमला कर लिया बदला

**लंदन।** भारतीय पहलवान वीर महान को डब्लूडब्लूई में पहली बार हार का सामना करना पड़ा है।

हालांकि, यह हार आधिकारिक तौर पर नहीं थी, लेकिन मैच के बाद मिस्टीरियो परिवार ने उनकी जमकर पिटाई की। इससे पहले वीर महान ने पाकिस्तानी मूल के पहलवान मुसत्फा अली को बुरी तरह हराया था। यह मैच जीतने के बाद उन्होंने सेल्फी भी ली थी, लेकिन रिंग से बाहर आते ही रेमिस्टीरियो ने अपने बेटे के साथ मिलकर वीर महान पर हमला किया। वीर ने वापसी की कोशिश की, लेकिन मिस्टीरियो परिवार ने उन्हें ऐसा नहीं करने दिया और अंत में वीर महान को हार का सामना करना पड़ा।

डब्लूडब्लूई में वापसी के बाद वीर महान के अधिकतर मैच स्थानीय पहलावानों से हो रहे थे, लेकिन इस बार उनका मुकाबला बड़े पहलवान के साथ हुआ। पाकिस्तान मूल के अमेरिकी पहलवान मुस्तफा अली का मैच थ्योरी के साथ था, लेकिन थ्योरी ने बताया कि उनकी जगह वीर महान यह मुकबला खेलेंगे। इसके बाद वीर महान ने पाकिस्तानी मूल के पहलवान को जमकर पीटा। मैच के बाद वीर महान मैच थ्योरी ने वीर महान और मुस्तफा के



साथ सेल्फी भी ली। इस दौरान महान ने मुसत्फा को जकड़ रखा था। इस मैच में द मिज स्पेशल रेफरी की भूमिका में दिखाई दिए। उन्होंने अपने रेफरी होने का भरपूर फायदा उठाया। मुस्तफा ने बहुत हद तक वीर महान को टक्कर दी, लेकिन यह मुकाबला नहीं जीत सके।

**मिस्टीरियो परिवार ने लिया बदला**

मैच खत्म होने के बाद मिस्टीरियो परिवार ने पीछे से वीर महान पर हमला कर दिया। वीर ने इस पर जवाब देते हुए वापसी करने की कोशिश की। वो रिंग के अंदर जाकर लड़ना चाहते थे, लेकिन रेमिस्टीरियो और उनके बेटे डॉमिनिक ने वापसी का मौका नहीं दिया। दोनों ने मिलकर वीर की खूब पिटाई की और उन्हें अधमरा कर दिया। इसके साथ ही मिस्टीरियो परिवार ने पिछली हार का बदला ले लिया। अब वीर महान भी अपनी पिटाई से काफी तिलमिलाए हुए हैं और वो इस हार का बदला लेना चाहेंगे।

## डिकॉक जानते थे कि जिस दिन उनका बल्ला चला, उनकी पारी अहम होगी : दहिया

**नवी मुंबई।** क्विंटन डिकॉक ने यहां इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में नाबाद शतकीय पारी खेलकर पिछले कुछ समय से बड़ा स्कोर नहीं बना पाने की निराशा खत्म की। बुधवार को मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में लखनऊ सुपर जायंट्स के सहायक कोच विजय दहिया ने दक्षिण अफ्रीकी सलामी बल्लेबाज के जश्न के पीछे के संभावित कारण पर बात की।

उन्होंने कहा, 'मैं क्विंटन के बारे में बात करूंगा। इस मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कभी उसने रन बनाए, कभी वह ऐसा नहीं कर पाया। जब भी हम अभ्यास करते तो वह हमेशा कहता कि उसे इतना अच्छा कभी महसूस नहीं हुआ तो ऐसा कैसे हो रहा है कि वह रन नहीं बना पा रहा।' दहिया ने कहा, 'उसने यह भी कहा कि जिस दिन वह ऐसा करेगा, उसकी पारी अहम होगी और उसने आज (बीती रात) ऐसा ही किया। और जिस तरह से उसने 20 ओवर तक बल्लेबाजी की जिसमें कोई भी विकेट नहीं गिरा, वह शानदार था।' डिकॉक की 140 रन की नाबाद पारी इस सत्र का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर भी था। उनकी पारी और कप्तान लोकेश



राहुल के नाबाद 68 रन की मदद से लखनऊ की टीम ने बिना विकेट गंवाये 210 रन का स्कोर बनाया और दो रन से जीत दर्ज कर प्लेऑफ में अपना स्थान भी पक्का किया। दहिया ने राहुल की भी प्रशंसा की और कहा कि कप्तान ने हमेशा जिम्मेदारी ली है।

उन्होंने कहा, 'अगर कप्तान कुछ कहता है और उसे करता भी है तो इससे टीम के लिए अच्छे मानदंड स्थापित होते हैं। इस पूरे सत्र में जिस तरह से राहुल ने बल्लेबाजी की है, वह शानदार रहा है। वह हमेशा ही अच्छी लय में रहा है और वह जिम्मेदारी लेकर खेला है।' उन्होंने कोलकाता की टीम के बल्लेबाजों की भी प्रशंसा की जो मैच अंत तक ले गये और उन्होंने इसे सत्र का सर्वश्रेष्ठ मैच भी करार दिया।

## सहवाग का बड़ा आरोप- शोएब जानता था कि वह गेंदबाजी करते 'चकिंग' करता है

**मुंबई।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने शोएब अख्तर के गेंदबाजी एक्शन को यह कहते हुए ललकारा है कि तेज गेंदबाज 'अपनी कोहनी को झटका देता था और वह जानता था कि यह चकिंग है'। सहवाग ने यह भी कहा कि उनके लिए ब्रेट ली की गेंद को पढ़ना आसान था क्योंकि उनका हाथ सीधे नीचे आता था। लेकिन अख्तर के मामले में ऐसा नहीं था। क्योंकि शोएब को देखकर आप अंदाजा नहीं लगा सकते थे कि उनका हाथ और गेंद कहां से आएगी।

सहवाग ने एक शो में कहा- शोएब जानता था कि वह हमेशा अपनी कोहनी को झटका देता था, वह जानता था कि वह भी चकिंग कर रहा है। आईसीसी उसे प्रतिबंधित क्यों करेगा? सहवाग बोले- ब्रेट ली का हाथ सीधे नीचे आता था इसलिए उन्हें खेलना आसान था। लेकिन शोएब के साथ आप कभी अनुमान नहीं लगा सकते थे कि उनका हाथ और गेंद कहां से आएगी। सहवाग ने कहा- मुझे ब्रेट ली का सामना करते कभी डर नहीं लगा। लेकिन शोएब के साथ ऐसा नहीं था। मैं देखता था कि अगर मैं उसे दो बार फेंस पर मारूंगा तो वह क्या करेगा। शायद बीमर या टो-क्रशिंग यॉर्कर आगे आएगा। बता दें कि सहवाग को टेस्ट में शोएब का सामना करना काफी रास आया। उन्होंने 90 की औसत से एक शतक, दो दोहरे शतक और एक तिहरा शतक पाकिस्तान के खिलाफ जड़ा जब शोएब टीम में थे। वहीं, बड़े स्कोर बनाने के लिए क्या माइंडसेट होना चाहिए, सवाल पर सहवाग ने कहा कि मुझे पता था कि सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण, सौरव गांगुली शतक के लिए 150-200 गेंदें खेलेंगे। अगर मैं भी इसी दर से शतक बनाता रहा तो मुझे कोई याद नहीं करेगा। मुझे अपनी पहचान बनाने के लिए उनसे तेज रन बनाने थे। इसलिए मैं सोचता था कि अगर पूरा दिन टिका रहा तो 250 रन बनाऊंगा। इसके बाद 100, 150, 200 आदि के बैरियर पार करता था। मैं नर्वस नाइंटीज को लेकर ज्यादा सीरियस नहीं होता था क्योंकि मेरा लक्ष्य सिर्फ शतक बनाना नहीं बल्कि बड़ा शतक बनाना होता था।



## लखनऊ ने रोमांचक मैच में कोलकाता को 2 रन से हराया

**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपरजायंट्स के बीच आईपीएल 2022 का 66वां मैच मुंबई के डॉ. डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला गया। लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ की टीम ने डिकॉक के शतक और केएल राहुल के अर्धशतक के बदौलत कोलकाता को 211 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में कोलकाता की टीम ने रिंकू सिंह की 40 रन की आतिशी पारी के बदौलत मैच को रोमांचक मोड़ में ला दिया। पर आखिरी गेंद पर स्टोयनिस ने उमेश यादव को आउट करके लखनऊ को 2 रन से मैच जीता दिया।

**लखनऊ सुपर जायंट्स (पहली पारी)**

कप्तान केएल राहुल और क्विंटन डिकॉक ने टीम को सधी हुई शुरूआत दी और पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 44 रन बना लिए। केएल राहुल और डिकॉक ने 10वें ओवर तक लय बरकरार रखी और स्कोर को 83 बिना नुकसान तक ले गए।

14 ओवर तक लखनऊ का स्कोर 111 हो गया। डिकॉक 60 तो केएल राहुल 50 रन पर खेल रहे थे। डिकॉक ने 59 गेंदों में शतक पूरा किया। बाद में टिम साऊदी द्वारा फेंकी गई 19वीं ओवर में लगातार तीन छक्के भी लगाए। डिकॉक ने नाबाद 70 गेंदों पर 140 रन की पारी खेली। जिसमें उन्होंने 10 चौके और 10



छक्के लगाए। वहीं कप्तान केएल राहुल ने 51 गेंदों पर 3 चौके और 4 छक्के की मदद से नाबाद 68 रन की पारी खेली।


**कोलकाता नाइट राइडर्स (दूसरी पारी)**

कोलकाता के लिए सलामी बल्लेबाज के तौर पर वेंकटेश अय्यर आए। लेकिन वह बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। मोहसिन ने इसके बाद अभिजीत तोमर को भी 4 रन पर आऊट कर कोलकाता को झटका दे दिया। कोलकाता की ओर नितिश राणा और श्रेयस अय्यर ने लखनऊ के गेंदबाजों की खबर ली। निशित ने आवेश के एक ओवर में पांच बाऊंड्री मारी। श्रेयस भी रंग में दिखे। उन्होंने 3 बाऊंड्रीज के साथ होल्डर का स्वागत किया। नितिश राणा 22 गेंदों में नौ चौकों की मदद से 42 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद कप्तान श्रेयस ने सैम बिलिंग्स के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। श्रेयस ने 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और स्टोइनिस को छक्का मारने के चक्कर में कैच आऊट हो गए। अय्यर के बाद सैम भी 35 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उन्हें बिश्नोई ने डिकॉक के हाथों स्टंप करवाया। आंद्रे रसेल से कोलकाता को उम्मीद थी लेकिन वह 11 गेंदों में 5 रन बनाकर चलते बने। उनका मोहसिन खान ने शिकार किया।

## डिकॉक और केएल राहुल ने बनाई आईपीएल की सबसे बड़ी ओपनिंग पार्टनरशिप, ये रिकॉर्ड किए अपने नाम

**मुंबई।** कोलकाता नाईट राईडर्स के खिलाफ लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी के लिए आई केएल राहुल और क्विटंन डिकॉक की जोड़ी ने पहले संभल कर शुरूआत की। पर एक बार पैर जम जाने के बाद दोनों बल्लेबाजों के बल्ले से कमाल के शॉट्स देखने को मिले। दोनों ही बल्लेबाजों ने कोलकाता के गेंदबाजों को विकेट लेने का कोई मौका नहीं छोड़ा और 210 रन की रिकॉर्ड साझेदारी बना दी।

आईपीएल में सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी का रिकॉर्ड अब केएल राहुल और क्विंटन डिकॉक के नाम पर हो गया है। दोनों ही बल्लेबाजों ने आक्रामक रूप अपनाते हुए मैदान के हर ओर शॉट्स लगाए और



गेंदबाजों को विकेट लेने का मौका नहीं दिया। डिकॉक ने इस मैच में अपने आईपीएल करियर का दूसरा शतक लगा दिया और 140 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं केएल राहुल ने भी 68 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। इन दोनों बल्लेबाजों ने कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं।

**आईपीएल में सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी**

210 - डीकॉक/राहुल बनाम कोलकाता*

185 - बेयरस्टो/वार्नर बनाम बेंगलुरु

184* - गंभीर/लिन बनाम गुजरात लायंस

183 - अग्रवाल/राहुल बनाम राजस्थान

182 - रुतुराज/कॉनवे बनाम हैदराबाद

**आईपीएल में सबसे बड़ी साझेदारी**

**229 : कोहली-डीविलियर्स बनाम गुजरात लायंस (2016)**

**215*: कोहली-डीविलियर्स बनाम मुंबई इंडियंस (2015)**

**210* : डिकॉक-केएल राहुल बनाम केकेआर (2022)***

# विदेश संदेश

## पाकिस्तान ने यासीन मलिक के खिलाफ आरोप तय करने पर भारतीय दूतावास प्रभारी को किया तलब

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने भारतीय दूतावास प्रभारी को यहां विदेश मंत्रालय में तलब कर उन्हें आपत्ति संबंधी एक दस्तावेज (डिमार्शे) सौंपा है, जिसमें कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक के खिलाफ 'मनगढ़ंत आरोप' लगाए जाने की कड़ी निंदा की गई है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने देर रात एक बयान में कहा कि कश्मीरी हुर्रियत नेता मलिक फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में कैद है। बयान में कहा गया 'भारतीय दूतावास को पाकिस्तान की गंभीर चिंता से अवगत कराया गया कि भारत सरकार ने कश्मीरी नेतृत्व की आवाज़ को दबाने के लिए उन्हें (मलिक को) फर्जी मामलों में फंसाया है।' इसमें कहा गया है कि भारतीय पक्ष को 2019 से 'अमानवीय परिस्थितियों' में तिहाड़ जेल में मलिक के बंद होने पर पाकिस्तान की चिंता से भी अवगत कराया गया। विदेश मंत्रालय ने कहा पाकिस्तान ने भारत सरकार से मलिक को सभी 'निराधार' आरोपों से बरी करने और जेल से तत्काल रिहा करने का मांग की ताकि वह अपने परिवार से मिल सकें तथा अपने स्वास्थ्य में सुधार कर सामान्य जीवन जी सकें। मलिक ने हाल ही में, 2017 में कश्मीर घाटी में अशांति पैदा करने वाले कथित आतंकवाद और अलगाववादी गतिविधियों से संबंधित एक मामले में दिल्ली की एक अदालत के समक्ष, कड़े गैर-कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और विभिन्न धाराओं के तहत लगाए गए सभी आरोपों को स्वीकार कर लिया था। भारत ने पाकिस्तान से बार-बार कहा है कि जम्मू और कश्मीर ÷हमेशा से ही भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा।'' भारत ने पाकिस्तान को वास्तविकता को स्वीकार करने और भारत विरोधी दुष्प्रचार को रोकने की भी सलाह दी।

## बिलावल ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव के साथ बैठक में उठाया जम्मू कश्मीर का मुद्दा

**संयुक्त राष्ट्र।** पाकिस्तान के नये विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने यहां संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटारेस के साथ अपनी बैठक में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बिलावल भुट्टो जरदारी ने गुटारेस के साथ अपनी बैठक के दौरान यह भी कहा कि पाकिस्तान, भारत सहित अपने सभी पड़ोसियों के साथ शांति चाहता है। उन्होंने कहा कि यह तब तक नहीं हो सकता जब तक कि जम्मू-कश्मीर मुद्दे का समाधान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संकल्पों और कश्मीरियों की इच्छा के अनुरूप नहीं हो जाता।बिलावल भुट्टो जरदारी ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान समाप्त किये जाने का भी जिक्र किया। जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करने वाले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान को 2019 में समाप्त करने के भारत के फैसले से पाकिस्तान नाराज हो गया था। पाकिस्तान ने इसके बाद भारत के साथ राजनयिक संबंधों को कमतर कर दिया था और इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायुक्त को निष्कासित कर दिया था। भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से स्पष्ट रूप से कहा है कि देश की संसद द्वारा 2019 में अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त करना उसका आंतरिक मामला है। भारत ने बार-बार पाकिस्तान से कहा है कि जम्मू कश्मीर 'ह मेशा से भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और रहेगा।

भारत ने पाकिस्तान को इस वास्तविकता को स्वीकार करने और भारत- विरोधी सभी दुष्प्रचार रोकने की भी सलाह दी है। भारत ने पाकिस्तान से कहा है कि वह आतंकवाद, शत्रुता और हिंसा से मुक्त वातावरण में इस्लामाबाद के साथ सामान्य पड़ोसी संबंध चाहता है।

## सिंगापुर में पुलिस अधिकारियों पर हमला करने व नस्ली टिप्पणी के आरोपी भारतवंशी को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को यहां की एक अदालत ने पुलिस अधिकारियों पर हमला, उत्पीड़न और नस्ली टिप्पणी करने समेत पिछले साल अपराध के कई मामलों में 21 महीने और चार सप्ताह की जेल की सजा सुनाई। संजीवन महा लिंगम (43) ने पिछले साल 24 सितंबर को अपने जन्मदिन पर एक सफाई कर्मचारी को घूंसा मारा और पीड़ित के एक बिन सेंटर में सोने को लेकर हुई बहस के दौरान उसका जबड़ा तोड़ दिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, संजीवन ने कुल पांच आरोपों में अपना जुर्म कबूला। घटना से बारह दिन पहले 12 सितंबर को हांग लिम मार्केट एंड फूड सेंटर में नशे में धुत एक व्यक्ति द्वारा हंगामा मचाने की सूचना पर दो पुलिस अधिकारी वहां पहुंचे। बोतल पकड़े हुए और शराब के नशे में संजीवन ने उससे बात कर रहे एक अधिकारी पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। अधिकारियों ने उसे गिरफ्तार कर लिया और प्लास्टिक का एक स्टूल जब्त किया जिसे उसने कथित तौर पर फेंका था। जब संजीवन पुलिस छावनी परिसर में हवालात में था, तब वह एक बेंच पर बैठ गया।इस दौरान वह अपने हाथ में चप्पल पकड़े हुए था। जैसे ही एक अधिकारी प्लास्टिक के स्टूल के बारे में रिपोर्ट दर्ज कर रही थी, संजीवन ने चप्पल फेंककर अधिकारी के बाएं हाथ पर मार दिया।

# तालिबानी फरमानों पर अफगान सरकार का स्पष्टीकरण

## सिराजुद्दीन हक्कानी बोला- हम लड़कियों की शिक्षा के खिलाफ नहीं, जल्द खोलेंगे हाई स्कूल



**कोलंबो।** तालिबान ने लड़कियों और महिलाओं के लिए जल्द ही अच्छी खबर का वादा किया है। अफगानिस्तान के होम मिनिस्टर और तालिबान के को-डिप्टी लीडर सिराजुद्दीन हक्कानी ने हाई स्कूल खोलने का वादा किया है। इसके इतर उनका कहना है कि जो महिलाएं तालिबान शासन का विरोध कर रही हैं, उन्हें घर के अंदर ही रहना चाहिए।

दरअसल, अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद लड़कियों के लिए हाई स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए थे। ष्टहह की रिपोर्ट के मुताबिक, हक्कानी ने कहा- मैं कुछ स्पष्टीकरण देना चाहता हूं। हम लड़कियों के लिए शिक्षा का विरोध नहीं कर रहे हैं। अभी भी लड़कियों के लिए क्लास 6 तक स्कूल खोले गए हैं। हालांकि, जब तक स्कूल में ड्रेस कोड लागू नहीं कर दिया जाता तब तक क्लास नहीं लगेगी। अफगानिस्तान में सत्ता काबिज करने के बाद तालिबान ने कहा था कि वो महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा आजादी देंगे।

**महिलाओं के लिए इस्तेमाल किया 'नॉटी वुमन' शब्द**

दिए गए एक इंटरव्यू में जब सिराजुद्दीन हक्कानी से तालिबानियों के डर से घर के बाहर नहीं निकलने वाली महिलाओं पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा- हम 'नॉटी वुमन' को घर में रखते हैं। इस पर सफाई देते हुए उन्होंने कहा- 'नॉटी वुमन' से मतलब उन महिलाओं से है, जो दूसरों के कहने पर सरकार को सवालों के घेरे में खड़ा करती हैं।

**तालिबानी फरमानों से मुकर गए हक्कानी**

हिजाब से संबंधित एक सवाल के जवाब में हक्कानी तालिबानी फरमानों से मुकरता नजर आया। उसने कहा- हम चाहते हैं कि महिलाएं कम से कम एक हिजाब पहनें। वो चेहरा दिखा सकती हैं। हाल ही में तालिबान ने फरमान जारी कर कहा था महिलाओं को पब्लिक के बीच चेहरा कवर करना ही होगा और सार्वजनिक जगहों पर बुर्का पहनना ही होगा।

## अमेरिका में मंकी पॉक्स का पहला केस:स्पेन, पुर्तगाल और कनाडा में भी कई बीमार; ब्रिटेन में समलैंगिकों पर पड़ रहा भारी

**मेसाचुसेट्स।** ब्रिटेन के बाद मंकी पॉक्स वायरस अब अमेरिका में भी पैर पसार रहा है। कनाडा से मेसाचुसेट्स लौटे एक शख्स में इसके संक्रमण की पुष्टि हुई है। यह अमेरिका में इस साल मंकी पॉक्स का पहला केस है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों में ब्रिटेन, स्पेन, पुर्तगाल और कनाडा में भी इस दुर्लभ बीमारी के दर्जनों मामले सामने आ चुके हैं।

मंकी पॉक्स बीमारी एक ऐसे वायरस के कारण होती है, जो स्मॉल पॉक्स यानी चेचक के वायरस के परिवार का ही सदस्य है। मंकी पॉक्स 1970 में पहली बार एक बंदर में पाया गया था, जिसके बाद यह 10 अफ्रीकी देशों में फैल गया था। 2003 में पहली बार अमेरिका में इसके मामले सामने आए थे। 2017 में



नाइजीरिया में मंकी पॉक्स का सबसे बड़ा आउटब्रेक हुआ था, जिसके 75त्न मरीज पुरुष थे। ब्रिटेन में इसके मामले पहली बार 2018 में सामने आए थे।

एक्सपर्ट्स के अनुसार, यह बीमारी दुर्लभ जरूर है, लेकिन गंभीर भी साबित हो सकती है। फिलहाल मंकी पॉक्स ज्यादातर मध्य और पश्चिम अफ्रीकी देशों के कुछ इलाकों में पाया जाता है। 6 मई को ब्रिटेन में मिला पहला मरीज नाइजीरिया से ही लौटा था।एक्सपर्ट्स का मानना है कि मंकी पॉक्स संक्रमित व्यक्ति के करीब जाने से फैलता है। यह वायरस मरीज के घाव से निकलकर आंख, नाक और मुंह के जरिए शरीर में प्रवेश करता है। यह संक्रमित बंदर, कुत्ते और गिलहरी जैसे जानवरों या मरीज के संपर्क में आए बिस्तर और कपड़ों से भी फैल सकता है। मरीज 7 से 21 दिन तक मंकी पॉक्स से जूझ सकता है।

## पीएम मोदी ने कंबोडियाई समकक्ष के साथ द्विपक्षीय मुद्दों पर की चर्चा

**कंबोडियाई ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बैठक दौरान अपने कंबोडियाई समकक्ष हुन सेन के साथ भारत-कंबोडिया के बीच मजबूत विकासात्मक साझेदारी की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने क्षमता निर्माण कार्यक्रमों और मेकांग-गंगा सहयोग कार्ययोजना के तहत प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में सहयोग, कोरोना महामारी के बाद अर्थव्यवस्था में सुधार सहित तमाम द्विपक्षीय मुद्दों पर भी की चर्चा की। दोनों नेताओं ने व्यापार



व निवेश, मानव संसाधन विकास, रक्षा व सुरक्षा, संपर्क और कोरोना महामारी के बाद अर्थव्यवस्था में सुधार सहित तमाम द्विपक्षीय मुद्दों पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हुई इस वार्ता के दौरान दोनों नेताओं ने साझा हितों से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की और अपने द्विपक्षीय सहयोग की गति पर संतोष जताया। पीएमओ ने कहा, ''दोनों नेताओं ने व्यापार व निवेश, मानव संसाधन विकास, रक्षा व सुरक्षा, विकास में सहयोग, संपर्क, महामारी के बाद अर्थव्यवस्था में सुधार और लोगों के बीच संबंधों के मामलों में सहयोग सहित संपूर्ण द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की।'' पीएमओ ने कहा कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग की गति पर संतोष जताया। बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री हुन सेन ने भारत के साथ कंबोडिया के संबंधों की अहमियत पर जोर दिया तो प्रधानमंत्री मोदी ने उनकी भावना का जवाब देते हुए कहा कि कंबोडिया भी भारत की ''एक्ट ईस्ट पॉलिसी'' में अहम भूमिका निभा रहा है।

## कराची बम धमाकों के पीछे प्रतिबंधित आंतकी संगठनों का हाथ, मुठभेड़ में मारे गए 2 मुख्य संदिग्धः अधिकारी

**कराची।** कराची में पिछले सप्ताह हुए दोहरे विस्फोट के दो मुख्य आरोपी पाकिस्तान के दक्षिणी शहर में हुई मुठभेड़ में मारे गए हैं। एक अधिकारी ने बुधवार को इस आशय की जानकारी दी। सिंध आतंकवाद निरोधी विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एजेंसी ने मौरीपुर में एक अभियान चलाया था, उसी दौरान दोनों आतंकवादी मारे गए। अधिकारी ने बताया, ''अली दिनो और नवाब दोनों ही कराची के सदर और बोल्टन बाजारों में हुई बम विस्फोट की घटनाओं में मुख्य संदिग्ध थे।'

भीड़-भाड़ वाले सदर और बोल्टन बाजार में ये विस्फोट रिमोट कंट्रोल की मदद से किए गए थे। किसी समूह ने इन विस्फोटों की जिम्मेदारी नहीं ली है। अधिकारी ने बताया, ''बोल्टन बाजार में हुए विस्फोट के मामले में एक संदिग्ध की पहचान हो गई है और उसकी गिरफ्तारी के लिए हम छापा मार रहे हैं।' उन्होंने बताया कि दिनो और नवाब सिंध के सुदूर क्षेत्र के किसी अज्ञात राष्ट्रवादी/अलगाववादी समूह से जुड़े हुए थे।इससे पहले कराची के पुलिस प्रमुख गुलाम नबी मेमन ने मंगलवार को कहा कि कराची बम धमाकों के पीछे प्रतिबंधित संगठनों और अराजकतावादी समूहों का हाथ है। अधिकारियों ने कहा कि अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक ने स्काउट ऑडिटोरियम में कानून-व्यवस्था पर एक बैठक बुलाई, जिसमें कराची पुलिस के सभी रैंकों के अधिकारियों ने भाग लिया, जिसमें डीआईजी और एसएसपी भी शामिल थे। बैठक में भविष्य में ऐसी



घटनाओं को रोकने के लिए रणनीतियों पर चर्चा की गई।

द न्यूज से बात करते हुए, अतिरिक्त आईजीपी मेमन ने कहा कि उनके शुरुआती निष्कर्षों से पता चला है कि प्रतिबंधित संगठनों और छोटे अराजकतावादी दलों का एक गठजोड़ बनाया गया था और वे हाल ही में कराची बम विस्फोटों में शामिल थे। हालांकि अभी तक किसी भी समूह ने सोमवार के हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।उन्होंने कहा कि उन्हें खरादर विस्फोट के संबंध में बम डिस्पोजल यूनिट (बीडीयू) की रिपोर्ट मिली थी और इसमें कहा गया था कि आतंकवादियों ने चार किलोग्राम स्थानीय रूप से निर्मित विस्फोटक का इस्तेमाल किया था जिसमें बॉल बेयरिंग थे और यह रिमोट कंट्रोल से लैस था।

एक सवाल पर मेमन ने कहा कि उन्होंने जो बैठक की वह पूरे शहर में सुरक्षा व्यवस्था को उन्नत करने के लिए थी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा तंत्र में कराची के सभी जिलों में सब स्टेशन बनाना शामिल है और प्रत्येक जिले में दो सब स्टेशन शामिल हैं और सब स्टेशनों में रैपिड रिस्पांस फोर्स (आरआरएफ) और विशेष सुरक्षा इकाई (एसएसयू) के अधिकारी शामिल हैं। जो शहर में होने वाली किसी भी अप्रिय या आतंकवादी गतिविधि का तुरंत जवाब देंगे।

## अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की बेटी एशले बाइडन कोरोना वायरस से संक्रमित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन एवं प्रथम महिला जिल बाइडन की बेटी एशले कोरोना वायरस से संक्रमित हो गई हैं और वह अपनी मां जिल बाइडन के साथ लातिन अमेरिका की यात्रा पर नहीं जाएंगी। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। प्रथम महिला जिल बाइडन के प्रवक्ता माइकल लारोसा ने बताया कि बाइडन दंपति को उनका निकट सम्पर्क नहीं माना जा सकता।व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन जीन-पियरे ने बताया कि ''कई दिन'' पहले एशले ने राष्ट्रपति और प्रथम महिला से मुलाकात की थी। जिल बाइडन के बुधवार को इक्वाडोर के लिए रवाना होने से पहले एशले बाइडन के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की घोषणा की गई। जिल बाइडन लातिन अमेरिका की छह दिवसीय यात्रा पर जा रही है, जिसकी शुरुआत वह इक्वाडोर से करेंगी। इसके बाद वह पनामा और कोस्टा रिका भी जाएंगी।यह दूसरी बार है जब एशले बाइडन (40) को अपनी आधिकारिक यात्रा रद्द करनी पड़ी है। इससे पहले मई में एक संक्रमित व्यक्ति के सम्पर्क में आने के कारण वह अपनी मां के साथ पूर्वी यूरोप की यात्रा पर नहीं जा पाई थी।

## मुस्लिमों के स्विमसूट पर विवाद:महिलाओं को मिली बुर्किनी पहनने की इजाजत; भड़के फ्रांसीसी गृह मंत्री, बोले- फैसले को कानूनी चुनौती देंगे

**कराची।** फ्रांस में मुस्लिम महिलाओं के पहने जाने वाले स्विमसूट बुर्किनी को लेकर एक बार फिर से बहस छिड़ गई है। दरअसल, फ्रांस के ग्रेनोबल शहर के मेयर ने स्विमिंग पूल नियमों को बदल दिया है। नए नियमों के




विवादित मुद्दा रहा है।

**पहले पूल में पहनना होता था पारंपरिक स्विमसूट**

समाचार एजेंसी AFP की रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रेनोबल के मेयर ने कहा- सरकारी स्विमिंग पूल में महिला-पुरुष अपनी पसंद से कपड़े, जिसमें बुर्किनी भी शामिल है, पहनकर नहा सकेंगे। महिलाओं के लिए पहले स्विमिंग पूल में एक तरह का पारंपरिक स्विमसूट और पुरुषों के लिए ट्रंक पहनना अनिवार्य था लेकिन अब ये नियम बदल दिया गया है।

इसे गृह मंत्री गेराल्ड डारमैनिन ने भड़काऊ बताया। उन्होंने कहा कि ये फ्रांस के सेक्युलिरज्म के विपरीत है और वो इस फैसले को कानूनी रूप से चुनौती देंगे।

**राज्य को धर्म से अलग करने बनाया गया था कानून**

पिछले साल फ्रांस की संसद में 'इस्लामी अलगाववाद' का मुकाबला करने के लिए एक कानून बनाया गया था। इस कानून के तहत सरकार उन फैसलों को चुनौती दे सकती है, जो फ्रांस के सख्त धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को कमजोर करने की ताकत रखते हैं। ये कानून राज्य को धर्म से अलग करने पर जोर देता है।

**नए फैसले को मिल रहा समर्थन-** ग्रेनोबल के मेयर एरिक पिओल इस फैसले को शहर की बड़ी जीत के रूप में देख रहे हैं। पियोल ने फ्रांस के ब्रॉडकास्टर रेडियो RMC को बताया- हम सिर्फ इतना चाहते हैं कि महिलाएं और पुरुष अपनी मर्जी से कपड़े पहन सकें। फ्रांस की EELV पार्टी के प्रमुख जूलियन बेउ ने फैसले का समर्थन किया है। उन्होंने तर्क दिया- इस फैसले का धर्मनिरपेक्षता कानूनों से कोई लेना-देना नहीं है। यही कानून नागरिकों के अधिकारों की गारंटी देते हैं ताकि वे किसी भी धर्म को स्वतंत्र रूप से मान सकें। उन्होंने कहा- मैं चाहता हूं कि मुस्लिम महिलाएं अपने धर्म का पालन करने में सक्षम हों। उन्हें तैरने से न रोका जाए। उनसे ये अपेक्षा न की जाए कि वो दूसरों की मर्जी से कपड़े पहनें।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
211019 से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

# कीव में अमेरिकी दूतावास दोबारा खुला

**वाशिंगटन।** यूक्रेन की राजधानी कीव में अमेरिकी दूतावास दोबारा खुल गया। यह जानकारी अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने बुधवार को दी। प्राइस ने कहा कि अमेरिका सहयोगियों और साझेदारों को मदद करने से पीछे नहीं हटेगा। प्राइस ने कहा है कि हमने यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया है। विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि यूक्रेन के लोगों ने अपनी सुरक्षा सहायता से रूस की आक्रामकता से अपनी मातृभूमि की रक्षा की है और इसका परिणाम यह है कि एक बार फिर दूतावास के ऊपर "सितारे और धारियां (अमेरिकी ध्वज के चिह्न) उड़ रही हैं। प्राइस ने कहा है कि कीव लौटने वाले सहयोगियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए अतिरिक्त उपाय किए गए हैं और सुरक्षा उपायों और प्रोटोकाल को बढ़ाया गया है। हम आगे की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। युद्ध जारी है। रूस की सेनाएं हर दिन यूक्रेनी धरती पर विनाश करती हैं। लाखों यूक्रेनियन अपने घरों से विस्थापित हो चुके हैं और अपने प्रियजनों के नुकसान का शोक मना रहे हैं।

## युवाओं की मेंटल हेल्थ पर कोरोना की चोटः दुनियाभर में डिप्रेशन के मामले दोगुने हुए, आत्महत्या युवाओं की मौत का दूसरा प्रमुख कारण

**रोम।** कोरोना महामारी ने दुनिया भर के युवाओं को मानसिक रूप से तोड़कर रख दिया है। अमेरिकन मेडिकल जर्नल जामा पीडियाट्रिक्स ने इसे लेकर 29 रिसर्च का एनालिसिस प्रकाशित किया है।

80,879 युवाओं के सर्वे में पाया गया कि महामारी के दौरान बच्चों और किशोरों में डिप्रेशन और चिंता के मामले दोगुने हो गए हैं। यूरोप में यूनिसेफ की एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, आत्महत्या युवाओं की मौत का दूसरा प्रमुख कारण है।

दुनिया भर में सबसे ज्यादा परेशानी इटली के युवाओं को झेलनी पड़ रही है। महामारी शुरू होने के बाद यहां मेंटल हेल्थ से पीड़ित युवाओं की संख्या में रिकॉर्ड 64त्न का इजाफा हुआ है। इस खतरनाक ट्रेंड को साइकोलॉजिस्ट ने 'साइकोपैंडेमिक' नाम दिया है। इटैलियन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डेविड लैजारी कहते हैं, महामारी के दुष्प्रभावों से निकलने में सालों लगेंगे।

इटली के शहर मिलान में न्यूरोसाइंस एंड मेंटल हेल्थ डिपार्टमेंट की डायरेक्टर क्लाउडिया मेंकासी बताती हैं कि वर्चुअल एजुकेशन के चलते बच्चे आपस में घुलमिल नहीं सके, जो उनके लिए बेहद जरूरी था। महामारी ने युवाओं को ग्रेजुएशन और पहले प्यार जैसी जीवन की कुछ प्रमुख घटनाओं से




महरूम कर दिया है। इस हालत में शोक, चिंता, तनाव स्वाभाविक भी है। इटली ने 2017 के बाद से आत्महत्या पर पब्लिक रिसर्च नहीं की है।

**खुद को नुकसान पहुंचाने वाले युवाओं की तादाद दोगुनी**

इटली में महामारी के दौरान खुद को नुकसान पहुंचाने वाले युवाओ की संख्या डबल हो गई है। इटली में महामारी के दौरान खुद को नुकसान पहुंचाने वाले युवाओ की संख्या डबल हो गई है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, डेटा की कमी इटली सरकार के बढ़ते सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दे को कम करके आंकने को दर्शाती है। नेशनल बोर्ड ऑफ साइकोलॉजिस्ट के मेंबर फुल्विया सिग्नानी और क्रिस्टियन रोमानिएलो ने इटली की हेल्थ मैगजीन में लिखा है कि हम एक आपात स्थिति का सामना कर रहे हैं। रोम में चाइल्ड हॉस्पिटल बम्बिनो गैसो की एक रिपोर्ट में पाया कि महामारी के दौरान आत्महत्या की कोशिशों और खुद को नुकसान पहुंचाने वाले युवाओं की तादाद दोगुनी हो गई है। इसमें सबसे ज्यादा संख्या 15 से 24 साल के युवाओं की है।